आज का मौसम सूर्योदय 6:10 सूर्यास्त 6:10 | 50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | मूल्य 2/- | यह मुजफ्फरनगर है।

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

तापमान अधिकतम 31.6 न्यूनतम 22.2 | वर्ष-50 | अंक-267 | मंगलवार 27 सितम्बर, 2022 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

आजम खान और उनके बेटे ने सरकारी सुरक्षा वापस की : रामपुर

उनका डर निकल गया या ये.....

सड़क हादसे में कांस्टेबल समेत चार की मौत

➲वृद्ध को बचाने के प्रयास में डिवाइडर से टकराकर बस से भिड़ी कार
➲मंसूरपुर क्षेत्र में देवराना कट पर सवेरे-सवेरे हुआ हादसा

मंसूरपुर में कार-बस की भिड़ंत के बाद क्षतिग्रस्त बस व कार के हालात को देखकर समझा जा सकता है कि हादसा कितना भयानक रहा होगा। फोटो बुलेटिन

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। हाईवे पर मंसूरपुर क्षेत्र में आज सवेरे हुए एक सड़क हादसे में कार सवार एक सिपाही सहित चार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को हायर सेंटर रैफर किया गया है। हादसा सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को बचाने के प्रयास में हुआ, जिसके चलते कार डिवाइडर से टकराते हुए दूसरे लेन में एक रोडवेज बस से जा टकराई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है और हादसे का शिकार हुए युवकों के परिजनों को इस हादसे की सूचना दे दी है।

मंसूरपुर थाना प्रभारी महावीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सवेरे एक वैगन आर कार में सवार 5 युवक मेरठ से मुजफ्फरनगर की तरफ जा रहे थे। हाइवे पर देवराना कट के पास अचानक किसी व्यक्ति के सामने आने पर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर दूसरी लेन में चली गयी और सामने से आ रही बस से टकरा गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गये और बस भी क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार पांचों युवक गंभीर रूप से घायल होकर कार में फंस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकालने के प्रयास किये। एसएचओ ने बताया कि कार में फंसे घायलों की पहचान कुलदीप मिश्रा पुत्र विशाल मिश्रा निवासी उत्तरकाशी उत्तराखण्ड, मनीष सिंघल पुत्र हरीश सिंघल निवासी नेहरु कॉलोनी मोदीनगर, गाजियाबाद, दिनेश यादव पुत्र रामनारायण निवासी नगलाकाशी थाना कंकरखेड़ा, मेरठ, देवेन्द्र पुत्र शिवकुमार निवासी मुल्तान नगर मेरठ तथा अमन गौतम पुत्र हरिलाल निवासी परीक्षितगढ़ मेरठ के रूप में हुई। इनमें से दिनेश व कुलदीप मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने अन्य घायलों को उपचार हेतु सीएचसी खतौली भिजवाया, जहां मनीष सिंघल व देवेन्द्र को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायल अमन गौतम को उपचार हेतु मेरठ रैफर कर दिया गया। एसएचओ ने बताया कि मृतक देवेंद्र रक्षा सम्पदा कार्यालय में डाटा एंट्री ऑपरेटर था, जबकि कुलदीप पुलिस विभाग में कांस्टेबल बताया जा रहा है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। घायल का उपचार एसडीएस ग्लोबल हॉस्पिटल मेरठ में चल रहा है। घायल व मृतकों केपरिजनों को पुलिस ने सूचना दे दी है।

ओपन मेरिट के दाखिले आज से

मुजफ्फरनगर, 26 सितंबर (बु.)। मां शाकुंभरी देवी विश्व विद्यालय में छात्र-छात्राओं को अब ऑफर लेटर जमा कर ओपन मेरिट के आधार पर दाखिले दिए जाएंगे। इसके चलते शहर के चारों महाविद्यालयों में ओपन मेरिट चस्पा कर दी गई है। दाखिलों के क्रम में सोमवार को जनपद के सभी चारों महा विद्यालयों ने ओपन मेरिट लिस्ट चस्पा कर दी है। इसके चलते आज से सभी छात्र-छात्राएं दाखिला ले सकते है। ओपन भर्ती में भी के लिए 70 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक रहेगी। तीसरी लिस्ट के आधार पर भले ही कम दाखिले हुए हो लेकिन कालेज में सीट बहुत कम बची है। जैन कन्या डिग्री कॉलेज, एसडी कालेज, डीएवी कालेज व छोटू राम डिग्री कालेज में भी ओपन मेरिट चस्पा कर दी गई है।

सहारनपुर के पास रेल ट्रैक की मिट्टी खिसकने से रेलयातायात बाधित

➲पंजाब और जम्मू कश्मीर की ओर जाने और आने वाली तमाम रेलें रद्द या दूसरे मार्ग से निकाली

सहारनपुर, 26 सितंबर (वार्ता)। पहाड़ी क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के बाद हथनीकुंड बैराज से यमुना नदी में 2.97 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद यमुना नदी का पानी आस-पास गांव में पानी घुस गया। पानी आने के बाद सरसावा-कलानौर रेल लाइन पर शाहजहांपुर रेलवे फाटक 96 सी के करीब कटान के चलते सोमवार दोपहर बाद रेल मार्ग अवरुद्ध हो गया। इसके चलते सहारनपुर-अंबाला रेल मार्ग पर दर्जनों गाड़ियों का संचालन प्रभावित हुआ। इस कारण कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा तो कई ट्रेनों को रास्ते से ही वापस लौटाना पड़ा। पिछले दिनों हुई भारी बारिश के चलते यमुना का जलस्तर उफान पर है। सोमवार को बूड़ी यमुना के निकट शाहजहांपुर फाटक के निकट रेल लाइन पर मिट्टी का कटाव होने के कारण रेलवे ट्रैक के नीचे से पत्थर व मिट्टी खिसक गई। इस कारण रेलवे लाइन को भारी क्षति पहुंची। रेल लाइन के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलते ही रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ट्रेनों को जहां-तहां रोका गया। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे। मौके पर मुआयना करने के बाद रेलवे लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू कराया। इस बीच रेलवे ने अप व डाउन लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही रोक दी। रेल लाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद सहारनपुर से अप व डाउन में गुजरने वाली कई ट्रेनों को सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर ही रोक दिया गया। ट्रेन कई घंटे सहारनपुर स्टेशन पर ही खड़ी रही। जिसके चलते उन्हें आगे रूट के लिए कैंसिल कर दिया गया। इस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके चलते पंजाब और जम्मू कश्मीर की ओर जाने वाली तमाम रेलगाड़ियां बाधित हुई हैं।

सेटेलाइट रोडवेज बस अड्डा पर लगी रोक

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर जनपद में सेटेलाइट रोडवेज बस स्टैंड के निर्माण की शुरू प्रकिया को अब एमडीए की कार्यवाही ने ब्रेक लगा दिए हैं। एमडीए की ओर से बस स्टैंड की प्रक्रिया को इस बीच कृषि भूमि बताकर गतिरोध पैदा कर दिया। परिवहन विभाग ने नगर के भोपा रोड पर रोडवेज डिपो के आलाधिकारियों ने 18 करोड़ रुपये में करीब 17 बीघा जमीन खरीद ली गई है। इससे पूर्व की योजना परवान चढ़ती, इससे पहले ही अब एमडीए ने इस दिशा में सेटेलाइट रोडवेज बस अड्डे के निर्माण पर रोक लगा दी है। ऐसे में सरकार का ये ड्रीम प्रोजेक्ट अधर में लटक गया है। रोडवेज ने कॉमर्शियल भूमि के लिए विभाग को प्रपोजल भेजा है। यहां बस अड्डा बनने से एक ओर जहां लोगों को शहर के जाम से मुक्ति मिलेगी, वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा व अन्य प्रदेशों के यात्रियों को लंबी यात्रा के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

मुजफ्फरनगर में दशकों से शहर के बीच रोडवेज बस अड्डा, डिपो और वर्कशाप एक साथ हैं। यहां दिन रात विभिन्न मार्गो के लिए बसों का संचालन शुरू हो जाता है। दोपहर से शाम तक रोडवेज बसों का संचालन चरम पर है इससे बस अड्डे के आसपास और शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है। रोडवेज बस अड्डे में पीछे की ओर वर्कशाप भी बनी है, जहां पर दर्जनभर से अधिक बसें हमेशा खड़ी ही रहती हैं। इसी समस्या को देखते हुए रोडवेज विभाग के अधिकारियों ने नया रोडवेज बस स्टैंड बनाने का प्रस्ताव दिया था, जिसे परिवहन विभाग ने स्वीकृत करने के साथ ही करीब 18 करोड़ में 17 बीघा जमीन खरीदकर नया बस स्टैंड को बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया, लेकिन अब यहां रोडवेज बस अड्डे की भूमि को लेकर पेंच एमडीए के दखल के चलते फंस गया है। सेटेलाइट बस अड्डे की भूमि को एमडीए ने उक्त भूमि को कृषि भूमि बताकर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है, जिसके चलते अब सेटेलाइट बस अड्डे की भूमि को कमर्शियल बताते हुए शासन को प्रपोजल भेजा है। डिपो वरिष्ठ प्रभारी राजकुमार तोमर ने बताया कि रोडवेज बस स्टैंड में जल्द निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सेटेलाइट बस अड्डे से उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश आदि प्रदेशों व दूरस्थ स्थानों के लिए रोडवेज बसें मिलेंगी। उन्होंने बताया कि शहर में बने रोडवेज बस अड्डे से आसपास के जिलों में जाने वाली बसें मिलेंगी। साथ ही सेटेलाइट बस अड्डा बनने से परिवहन को लेकर जिला हाइटेक हो जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर के भोपा रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर के पास सेटेलाइट बस अड्डा बनाने के लिए विभाग ने 18 करोड़ में 17 बीघा जमीन खरीदी है, लेकिन अभी एमडीए ने इसे कृषि भूमि बताकर अभी बस अड्डे पर रोक लगा दी है। उन्होंने बताया कि विभाग ने इस संबंध में अब कॉमर्शियल भूमि के लिए प्रपोजल लखनऊ परिवहन विभाग को भेज दिया है। उन्होंने बताया कि सेटेलाइट बस अड्डे से दूसरे राज्यों व लंबी दूरी वाली बसों को संचालित किया जाएगा।

रेलगाड़ियां रुकने से यात्री हुए बेहाल, आठ बजे फिर चली ट्रेनें

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। सहारनपुर व अंबाला के बीच रेल बाधित होने के बाद आज रेल यात्रियों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई। इसके चलते अंबाला जाने वाली सुपर फास्ट को मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। इसके अलावा शालीमार एक्सप्रेस समेत अन्य रेलगाड़ियां भी विलंब से पहुंचीं। इसके चलते वैष्णादेवी या अन्य स्थानों के लिए यात्रा के लिए पहुंचे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। इस मामले में स्टेशन अधीक्षक तो कोई जानकारी नहीं दे सके, लेकिन सूत्रों के अनुसारा रात में करीब आठ बजे ट्रैक की मरम्मत के बाद गाडियों का संचालन शुरू कर दिया गया। शालीमार करीब सवा नौ बजे यहां से निकली। अन्य गाडियां भी सामान्य रूप से चलने लगी हैं। शाम उत्तर रेलवे ने 28 ट्रेनों की सूची जारी की है। जिनमें से 16 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है जो सहारनपुर से होकर गुजरने थी। बाकी 12 ट्रेनों को जो लंबी दूरी की है, का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। इन ट्रेनों को मुरादाबाद और अंबाला से वाया पानीपत दिल्ली, गाजियाबाद से होकर निकालने की बात कही गई।

मां दुर्गा की दूसरी शक्ति

// ब्रह्मचारिणी //

दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

मां दुर्गा की नव शक्तियों का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां 'ब्रह्म' शब्द का अर्थ तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात् तप की चारिणी– तप का आचरण करने वाली। कहा भी है – वेदस्तत्त्वं तपो ब्रह्म– वेद, तत्त्व और तप 'ब्रह्म' शब्द के अर्थ हैं। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यन्त भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बायें हाथ में कमण्डलु रहता है। अपने पूर्व

शेष : पृष्ठ ४ पर

अब लखनऊ में होगा पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल के भविष्य का फैसला

➲चेयरमैन ने प्रमुख सचिव अमृत अभिजात से मिलकर रखा अपना पक्ष

मुजफ्फरनगर, 26 सितंबर (बु.)। बापू भवन के छठे तल पर अब पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल के भविष्य का फैसला होगा। चेयरमैन ने आज प्रमुख सचिव के समक्ष उपस्थित होकर अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को लेकर सफाई दी। हालांकि इसके बाद प्रमुख सचिव ने अपना फैसला सुरक्षित रखा। माना जा रहा है कि कल तक इस संबंध में कोई निर्णय हो सकता है।

नगर पालिका में टिपर घोटाले और वाल पेंटिंग को लेकर पिछले दिनों वित्तीय अधिकार सीज होने के बाद हाईकोर्ट से वित्तीय अधिकारों को लेकर चेयरमैन का पक्ष सुने जाने के आदेश के बाद आज पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल को लखनऊ में बापू भवन के छठे तल पर बुलाया गया था। सुबह करीब 11 बजे वह बापू भवन पहुंची। इस दौरान शिकायतकर्ता सभासद राजीव शर्मा और मनोज वर्मा भी वहां मौजूद थे। अंजू अग्रवाल अपने अधिवक्ता विवेक मिश्रा के साथ प्रमुख सचिव अमृत अभिजात से मिली और अपना पक्ष रखा। जानकार सूत्रों के अनुसार उन्होंने मामले में अपने को निर्दोष बताते हुए कहा कि उन्हें कुछ लोगों द्वारा राजनीति का शिकार बनाया जा रहा है। पालिकाध्यक्ष का कहना था कि इन मामलों में जो कुछ हुआ वह अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर हुआ। इसमें वे पूरी तरह से निर्दोष हैं। इस दौरान उन्होंने प्रमुख सचिव को अपने कार्यकाल में हुए विकास कार्य भी गिनाए और कहा कि कुछ लोग राजनीतिक कारणों से उनके खिलाफ शिकायतें करते रहे हैं। ऐसे में इन शिकायतों का कोई आधार नहीं है। उनके अधिवक्ता विवेक मिश्रा ने भी पालिकाध्यक्ष का पक्ष प्रमुख सचिव के समक्ष रखा। इसके बाद प्रमुख सचिव ने इस मामले में अपना फैसला आज नहीं सुनाया। माना जा रहा है कि मंगलवार को इस संबंध में कोई निर्णय हो सकता है। इस बीच चेयरमैन जहां लखनऊ में ही मौजूद हैं और तमाम भाजपा नेताओं के साथ उनकी मुलाकात हुई। दूसरी ओर पालिका में घोटालों की शिकायत को लेकर लड़ रहे सभासद राजीव शर्मा और मनोज वर्मा भी लखनऊ में ही डेरा डाले पड़े हैं। याद रहे कि शासन ने टिपर वाहन घोटाले और वाल पेंटिंग समेत चार बिन्दुओं पर कार्रवाई करते हुए पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल के वित्तीय अधिकार सीज कर दिए थे। इस मामले को लेकर पालिकाध्यक्ष हाईकोर्ट चली गई थी। हाईकोर्ट के 2 सितम्बर को आदेश दिया था कि चौदह दिन के भीतर पालिकाध्यक्ष का पक्ष सुनने के बाद गुणावगुण के आधार पर इस मामले में निर्णय किया जाए। हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रमुख सचिव नगर विकास ने पालिकाध्यक्ष को अपना पक्ष रखने के लिए 26 सितम्बर को सुबह 11 बजे उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। हालांकि इस बीच पालिकाध्यक्ष ने पिछले सप्ताह अपने इस्तीफे का ऐलान कर दिया था, हालांकि उन्होंने इस्तीफा दिया नहीं। इसके बाद भाजपा के नेता अंजू अग्रवाल के इस्तीफे की घोषणा को नौटंकी बता रहे हैं।

कलश स्थापना व अखंड ज्योत के साथ नवरात्र प्रारंभ

➲वैष्णोदेवी मंदिर में बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने की आरती

गांधी कॉलोनी स्थित वैष्णो देवी मंदिर में नवरात्र पर सजी मां की मूर्ति तथा आरती करते बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व उनकी पत्नी पूजा दुआ एवं अन्य

मुजफ्फर नगर, 26 सितम्बर (बु.)। शारदेय नवरात्र के पहले दिन आज घरों में कलश स्थापना के साथ अखंड ज्योत प्रज्जवलित करने के साथ मां के जयकारों और दुर्गा सप्तशती के पाठ कर भक्तों ने आज व्रत रखा। इसके साथ ही आज शहर के तमाम मंदिरों में विशेष सज्जा के साथ नौ दिन के कार्यक्रम शुरू हो गए। नगर समेत जिले भर में नवरात्र का उत्साह आज घर आंगन से लेकर मंदिरों तक नजर आया। घरों में साझी के रूप में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना के बाद आज सुबह मंगल मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ मां के चित्र के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्जवलित की गई। इस दौरान सोमवार को भक्तों ने अपने-अपने घरों और मंदिरों में पहुंचकर मां शैलपुत्री की आराधना की। सुबह से ही नगर के विभिन्न मंदिरों में भक्तों की लाइन लग रही। मंदिरों में घंटे की ध्वनि और शंखनाद से शहर का वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिरों के साथ घरों में भी मां के जयकारों के साथ पूजा अर्चना हुई और मां की भेंटें गूंजती रही। श्री वैष्णोदेवी मंदिर गांधी कॉलोनी में प्रथम नवरात्र के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया, भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। मां के जयकारों से मंदिर में गूंज सुनाई देती रही। प्रातः 8 बजे कलश यात्रा निकाली गई। उसके पश्चात झण्डा रोहन श्रीमती एवं श्री विनय जिंदल परिवार द्वारा किया गया। प्रातःकाल पूजन अविनाश तरीका दंपती द्वारा किया गया एवं सायंकालीन आरती मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ एवं सुशील कुमार दंपती द्वारा की गई। सायंकाल भजन संध्या जुगल हंस एण्ड पार्टी सोनीपत द्वारा सुन्दर भजनों द्वारा मां का गुणगान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रधान दर्शन लाल अनेजा, महामंत्री दिनेश पुण्डीर, सुभाष अरोरा, राकेश सहगल, हरीश चड्ढा, विपिन फुटेला, राजीव सिक्कल, प्रकाश दुआ, राकेश अरोरा, दलीप मलिक, हरीश मलिक, नरेन्द्र दुआ, सुरेन्द्र कपूर आदि का विशेष सहयोग रहा।

जय अग्रजन | श्री अग्रसेन जयते | जय भारत

स्नेह निमन्त्रण

महाराजा अग्रसेन जयन्ती की हार्दिक शुभकामनाएं

आज मंगलवार, 27 सितम्बर 2022, संवत् 2079

श्रद्धेय अग्रबन्धु,

आपको प्रफुल्लित मन से अवगत कराते हैं कि सभी अग्रबन्धुओं द्वारा अग्रकुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जयन्ती समारोह का भव्य आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन पर बड़े हर्षोल्लास से किया जा रहा है।

आप सपरिवार, अग्रबन्धुओं व ईष्ट मित्रों सहित कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं अपनी गौरवमयी उपस्थिति से हमें अनुग्रहीत करें।

!! श्री गणेशाय नमः !!

: कार्यक्रम :

हवन पूजन अर्चना ..... प्रातः 9:00 बजे

मुख्य यजमान :

श्रीमती सुमन लता गोयल – श्री सतीश चन्द्र गोयल
श्रीमती अमिता स्वरूप बंसल, श्री सौरभ स्वरूप बंसल (बन्टी) स्वरूप कास्टिंग

श्री राकेश बिन्दल (एम.डी. बिन्दल ग्रुप), श्री महेश जिन्दल, श्री अजय कुमार मित्तल (जय माँ वैष्णव लोहा प्रा.लि.)
श्री रमेश गुप्ता जी (बुकेमेन), सी.ए. श्री अजय कुमार अग्रवाल जी (उपाध्यक्ष), श्री राजेश गोयल जी (किरण सिटी)
श्री पवन कुमार गोयल (लिबर्टी वाले), श्री मनोज गर्ग जी (चरथावल वाले), श्री मयंक सिंहल (इंजीनियर)

दीप प्रज्जवलन ..... प्रातः 11:00 बजे

समारोह अध्यक्ष : श्री रविन्द्र सिंघल जी (स्वास्तिक पेस्टीसाईड्स)

मुख्य अतिथि :

माननीय श्री कपिलदेव अग्रवाल जी (राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, उ.प्र. सरकार)
माननीय श्री दिनेश गोयल जी (सदस्य विधान परिषद, मेरठ–सहारनपुर खण्ड)
(चेयरमैन राजकुमार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, गाजियाबाद)

-: विशिष्ट अतिथि :-

श्री सोमांश प्रकाश जी (पूर्व विधायक) | श्री अशोक कंसल जी (पूर्व विधायक) | श्री गौरव स्वरूप बंसल जी (उद्योगपति एवं वरिष्ठ भाजपा नेता) | श्री मुकेश गोयल जी (एम.डी. कोन क्राफ्ट प्रा.लि.)
श्री निधीश प्रकाश जी (एम.डी. टिकौला शुगर मिल) | श्री नरेन्द्र गोयल जी (दुर्गा इस्पात) | श्री राजकुमार तायल जी (एम.डी. शिवा कैमिकल) | श्री आकाश कुमार जी (श्री बालाजी स्टील)

-: स्वागत समिति :-

श्री अजय तायल, श्री उपेन्द्र बंसल, श्री मित्तल सैन अग्रवाल, श्री पदम बंसल, श्री तेजराज गुप्ता, श्री विनय कुच्छल, श्री देवेन्द्र गर्ग जी (बिन्दिया साड़ी वाले), श्री आशुतोष कुच्छल (बाबा बार एण्ड एंगल)

निवेदक :- अध्यक्ष : सत्य प्रकाश मित्तल | सचिव : प्रदीप कुमार गोयल | प्रबन्धक : पुरूषोत्तम कुमार सिंहल
उपाध्यक्ष : सी.ए. अजय अग्रवाल | कोषाध्यक्ष : योगेन्द्र कुमार मित्तल

कार्यक्रम संयोजक :- श्री योगेश कुमार सिंघल जी (मुख्य संयोजक) | श्री अजय कुमार सिंघल जी (सह संयोजक) | श्री राजीव सिंघल जी (मंच संचालक)

महाराजा अग्रसेन भवन, महाराजा अग्रसेन मार्ग, निकट ए-टू-जेड कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

भगवान राम की बारात में आकर्षण का केंद्र बनी महाराजा अग्रसेन की सवारी

-नगर में स्थान-स्थान पर सपनों सरीखा स्वागत -प्रमुख व्यापारी सतीश जैन की ओर से समस्त बारातियों को दिया गया रात्रि भोज -जनकपुरी की शोभा दर्शनीय रही

शाहपुर, २६ सितम्बर (बु.)। नगर में सोमवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम बारात की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर में स्थान–स्थान पर बारात का सपनों सभी का स्वागत किया गया। भगवान राम सहित चारों भाइयों के स्वरूप बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। शोभायात्रा की विशेष बात यह रहेगी कि सोमवार को वैश्य कुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी का प्रकट उत्सव था। श्रीराम बारात में महाराजा अग्रसेन जी का रथ एवं दिव्य मूर्ति आकर्षण का केंद्र बनी रही। श्रीराम बारात के समापन पर रामलीला मैदान में जनकपुरी का आयोजन किया गया। गत वर्षो की भांति प्रमुख किरयाना व्यापारी सतीश जैन की ओर से समस्त बारात को रात्रि भोज कराते हुए स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। इस दौरान जनकपुरी की शोभा देखते ही बनती थी। रात्रि में मंच पर भगवान राम सहित चारों भाइयों की आरती से पूर्व बैंड बाजों की धार्मिक भजन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रीराम बारात में थाना प्रभारी राधेश्याम यादव एवं वरिष्ठ उपनिरीक्षक विष्णु गौतम के नेतृत्व में पुलिस बल सुरक्षा की दृष्टि से शोभायात्रा के दौरान मुस्तैद रहा। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमेश सैनी के निर्देश पर सफाई नायक राजीव मेहरा के नेतृत्व में श्रीरम बारात के अवसर पर यात्रा मार्ग पर विशेष साफ–सफाई की व्यवस्था कर कली चूने का छिड़काव कराया गया था। शाहपुर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के बैनर तले चल रहे श्रीराम लीला महोत्सव में सोमवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात का आयोजन किया गया। सायंकाल मे प्राचीन शिव मंदिर शिवालय पर सबसे पहले भगवान राम–लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न के स्वरूपों का पूजन किया गया। प्रख्यात पंडित मोनू मिश्रा ने विधिवत पूजन की प्रक्रिया संपन्न कराई। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाई जी, प्रमुख समाज सेवी उमेश मित्तल पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल शाहपुर थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक विष्णु गौतम ने संयुक्त रुप से चारों स्वरूपों को तिलक कर पूजन कराया। इसके बाद आरती में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के समस्त पदाधिकारियों

के साथ साथ नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वही अवनीश सिंघल, कल्लू, आशीष बंसल, अभय बंसल, आधार सिंघल, मनीष सिंघल, गोलक, आदि सिंघल आदि के नेतृत्व में महाराजा अग्रसेन जी के रथ को आकर्षक ढंग से सजाया गया। उनकी दिव्य मूर्ति के समक्ष शोभायात्रा के प्रारंभ होने से पूर्व विधिवत पूजा अर्चना की गई। इसके बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात नगर के मौहल्ला सैनीयान, हरिजन बस्ती, वाल्मीकि बस्ती, मौहल्ला गडरियान, नूर बाफान, अंसारयान, दरबार एवं मेन बाजार होते हुए मंगलापुरी मंडी से होकर वापस मेन रोड से होते हुए श्री रामलीला मैदान में पहुंची। यहां नगर के प्रमुख व्यापारी सतीश जैन पुत्र स्वर्गीय सुखबीर जैन के द्वारा विगत वर्षों की भांति ही जनकपुरी का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान राम–लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न गुरु वशिष्ठ मुनि विश्वामित्र आदि के रथों पर पुष्प वर्षा की गई और सतीश जैन एवं उनके परिजनों द्वारा भगवान राम सहित चारों भाइयों का स्वागत किया गया। समस्त बारात को जनकपुरी में रात्रि भोज में स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। इस दौरान यहां की सुंदरता देखते ही बनती थी। रात्रि में मंच पर चारों भाइयों की आरती की गई। इससे पूर्व शोभायात्रा में शामिल बैंड बाजों की ध ार्मिक भजन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बेहतरीन प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। गौरतलब है कि शाहपुर में इस बार पवित्र चित्रकूट धाम की प्रसिद्ध कलाकार मंडली श्री रामलीला का बेजोड़ मंचन कर रही है। ज्ञातव्य है कि चित्रकूट वही स्थान है, जहां मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने अपने १४ वर्ष के वनवास के दौरान सबसे अधिक ११ वर्ष ११ महीने एवं ११ दिन व्यतीत किए थे। इस कारण नगरवासी चित्रकूट धाम की कला मंडली के रामलीला मंचन के लिए आने पर अपना सौभाग्य समझ रहे हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात के सफल आयोजन में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। शोभायात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी राधेश्याम यादव के नेतृत्व में पुलिस बल निरंतर सक्रिय रहा।

ताड़का वध की लीला का मंचन देख मंत्रमुग्ध हुए लोग

मीरापुर, २६ सितम्बर (बु.)। कस्बें में श्रीरामलीला समिति रजिस्टर्ड के तत्वावधान में श्रीराम पब्लिक स्कूल में आयोजित रामलीला में श्री राधा सर्वेश्वर मण्डल वृन्दावन के कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम द्वारा राक्षसी ताड़का के वध की भव्य लीला ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। श्रीराम पब्लिक स्कूल में आयोजित रामलीला के दूसरे दिन रामलीला का मंचन कर रहे श्री राधा सर्वेश्वर मंडल वृंदावन के कलाकारों ने वन में रहने वाली ऋषियों के आश्रम में यज्ञ के दौरान विघ्न डालकर ऋषि–मुनियों को परेशान करने वाली राक्षसी ताड़का का भगवान श्रीराम हाथों वध किये जाने की लीला का बहुत सुन्दर मनमोहक मंचन किया, ताड़का वध की लीला देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो उठे तथा पूरा रामलीला पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद अहिल्या उद्धार की लीला देख लोग भावविभोर हो गये। रामलीला के दौरान व्यवस्था बनाने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसबल तैनात रहा। इस दौरान मुख्यरूप से रोहित माहेश्वरी, दीपक गोयल, प्रदीप गोयल, गौरव भटनागर, बिजेन्द्र माहेश्वरी, सचिन ठाकुर, नीरज शारदा, प्रद्युम्न शर्मा, अनिरुद्ध गोयल, लाला ब्रजभूषण अग्रवाल, विवेक वर्मा, अनुज शर्मा, बॉबी, उज्जवल, रविंद्र, देवेंद्र, सुनील व सुभाष आदि मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर मण्डी

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:-

रसकट डैया-1205, चाकू 3200-3400, चौरसा -3150, पपड़ी-3150

सर्राफा बाजार
अरिहन्त ज्वैलर्स

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे-

सोना- 51,200 चांदी- 57,500
सिक्का- 70,000 गिन्नी- 40,250

आपका आज का राशिफल
मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022

मेष-योजना को कार्यान्वित करने का सुयोग, स्वास्थ्य में सुधार, आकस्मिक लाभ, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

वृषभ-आरोग्य सुख, व्यापारिक उन्नति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, नौकरी में स्थानान्तरण का मसला हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिणय के क्षेत्र में अनुकूलता।

मिथुन-आज रात्रि १०/०२ बजे तक कठिनाइयों से परेशानी, दूसरों के चक्कर में स्वयं की हानि, शेष समय बेहतर, प्रगति हेतु विचार विमर्श, गलत फहमियाँ दूर, लाभ भी।

कर्क-आज रात्रि १०/०२ बजे तक गृहयोग पक्ष में, कार्य क्षमता में वृद्धि, वाहन से सुख, शेष समय में निराशा, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, यात्रा में असंतोष।

सिंह-कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में प्रगति का सुअवसर, वैवाहिक सम्बन्धों में सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, पठन-पाठन में अभिरुचि, सद्विचारों का उदय।

कन्या-योजना साकार करने की दिशा में प्रयास, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, लाभ।

तुला-आज रात्रि १०/०२ बजे तक समय अशुभ बहु प्रतिक्षित योजना अधूरी, प्रियजनों से अनबन, शेष समय भाग्य के पक्ष में, कार्य सिद्धि का सुयोग, आय के नवीन स्त्रोत।

वृश्चिक-आज रात्रि १०/०२ बजे तक दिनमान अनुकूल, शारीरिक सुख, पारस्परिक संबंधों में प्रगाढ़ता, शेष समय में लेन-देन में जोखिम से हानि, घरेलु सुख में दिक्कतें।

धनु-बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार पर, प्रियजनो से वांछित सहयोग, संभावित यात्रा संतोषजनक।

मकर-आरोग्य सुख, व्यापार में विस्तार, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, निजी जिन्दगी में सुख सुविधा के जरूरी साधन सुलभ, आरोग्य सुख, मन प्रसन्न।

कुम्भ-आज रात्रि १०/०२ बजे तक निराशाजनक, प्रगति का प्रयास असफल, लाभ में कमी, शेष समय में बुद्धि चातुर्य से कार्य सिद्धि, शत्रु परास्त, मित्रों से विचार विमर्श।

मीन-आज रात्रि १०/०२ बजे तक समय भाग्य के पक्ष में, सद्विचारों का उदय, पुराने विवाद का समापन, यात्रा भी, शेष समय में कठिनाइयाँ प्रभावी, कार्य की अधिकता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस–२/१–७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर दू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी–२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी सम्पादिका- श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (टे.)7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

स्कूल के बाहर से खड़ी बाइक चोरी

मीरापुर, २६ सितम्बर (बु.)। स्कूल में बच्चे की फीस जमा करने आये अभिभावक की स्कूल के बाहर से बाईक चोरी हो गई। दिन दहाड़े बाईक चोरी होने से हड़कम्प मच गया। जानसठ कोतवाली क्षेत्र के गांव मेहलकी निवासी मुकेश पुत्र ब्रजपाल अपनी सुपर स्प्लेंडर बाईक से सोमवार को मीरापुर के शिखर शिक्षा सदन स्कूल में पढ़ने वाले अपने बच्चे की फीस जमा करने स्कूल आया था, जैसे ही मुकेश अपनी बाईक स्कूल के बाहर बाईक को खड़ा करके स्कूल के अन्दर गया। इसी बीच किसी चोर ने मौका देखकर मुकेश की बाईक चोरी कर ली। मुकेश को बाहर आने पर बाईक गायब मिली, तो उसने शोर मचाया। दिन दहाड़े बाईक चोरी होने से हड़कम्प मच गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

बुढ़ाना ब्लॉक प्रमुख से भेदभाव की डीएम से शिकायत

मुजफ्फरनगर, 26 सितंबर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के नेतृत्व में किसानों के शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं को रखा किसानों के शिष्टमंडल में भारतीय किसान यूनियन के सभी नेताओं ने अपने अपने क्षेत्र की किसानों की समस्याओं को रखा। बुढ़ाना ब्लॉक प्रमुख के साथ भेदभाव को लेकर भी डीएम से शिकायत की गई। किसानों की समस्याओं को जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह ने गंभीरता से सुना और कहा कि कानून के दायरे में सभी काम किए जाएंगे एवं जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं का निश्चित रूप से समाधान करेगा। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने जिलाधिकारी को जनपद के कई क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने चौधरी नरेश टिकैत द्वारा रखी गई किसानों की समस्याओं को सुनकर कहा कि किसानों की समस्याएं अधिकतर निस्तारित कर दी गई है और जो रह गई हैं उनका निस्तारण भी शीघ्र ही किया जाएगा। इस अवसर पर बुढ़ाना क्षेत्र समिति के प्रमुख पुत्र विनोद मलिक एवं कई ग्राम सभाओं के प्रधान एवं भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता गण मौजूद रहे। यहां पर मुख्य विकास अधिकारी संदीप के सम्मुख भी किसानों ने अपनी समस्या रखी। मुख्य अधिकारी विकास अधिकारी द्वारा सीधे तौर पर कहा गया कि किसी भी हालत में किसी भी प्रकार के दबाव में कोई कार्य नहीं किया जा रहा है, जो भी उचित होगा और नियम के अनुरूप होगा वही कार्य होगा। जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह ने भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत सहित सभी किसान नेताओं को आश्वासन दिया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन मुजफ्फरनगर द्वारा एवं समस्त अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्त समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है जो जारी रहेगा। सभी कार्य नियमानुसार किए जा रहे हैं, जिसका लाभ सभी किसानों को प्राप्त भी हो रहा है। भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत के नेतृत्व में गठवाला खाप के चौधरी श्याम सिंह बहावडी, किसान चिंतक कमल मित्तल, बुढ़ाना ब्लॉक प्रमुख पुत्र बिनोद मलिक, मा. ओमपाल सिंह आदि मौजूद थे। गठवाला खाप के बाबा श्याम सिंह ने बुढ़ाना ब्लॉक प्रमुख के साथ हो रही ज्यादती को प्रमुखता से उठाया। कमल मित्तल ने सिसौली मुंडभर की पुलिया से सिसौली बस अड्डे तक के सड़क का निर्माण, सिसौली सीएचसी में पूर्णकालिक पुरुष, महिला चिकित्सकों की नियुक्ति तथा सीओ फुगाना का कार्यालय सिसौली सीएचसी में बनाए जाने का मामला उठाया, जिस पर जिलाधिकारी ने मुंडभर की पुलिया से सिसौली बस अड्डे तक सड़क की निर्माण का भरोसा दिलाया और कहा कि सिसौली के सीएचसी में शीघ्र डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी, वही सिसौली में ही फुगाना का कार्यालय भी स्थापित किया जाएगा।

बारिश से बर्बाद हुई किसानों की फसल, मदद की गुहार

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। बीते कई दिनों तक जारी रही बेमौसम बरसात से शहर से सटी काली नदी समेत जनपद की अधिकांश नदियों का जल स्तर बढ़ गया है। ऐसे हालातों में सोलानी नदी का पानी कई गांव के मार्गों और खेतों तक पहुंच गया। वहीं काली नदी का पानी खेतों तक पहुंच जाने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल डूब गई। इन तमाम खेतों में चार से पांच फीट तक पानी भरा है। सब्जियों के किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। धान की फसल को भी नुकसान हुआ है। सोमवार को बरसात के पानी से हुई फसलों की बर्बादी को लेकर एक बैठक गऊशाला रोड पर सोनू कश्यप की अध्यक्षता व कालू बाबा के संचालन में संपन्न हुई, जिसमें फसलों की हुई बर्बादी के बीच प्रभावित हुए किसानों को उनकी फसलों का मुआवजा दिए जाने की मांग की। बैठक में भारतीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कश्यप ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुजफ्फरनगर में हुई फसलों की बर्बादी की जांच कराने के साथ मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बीते दिनों जारी बारिश के कारण शहर के रामलीला टिल्ला और न्याजूपुरा निवासी किसानों के साथ गऊशाला और उसके आसपास के किसानों का भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि काली नदी का जलस्तर बढ़ जाने से खेतों में पानी घुस गया है। सब्जियों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। वहीं खेतों में पांच फीट तक पानी है। उन्होंने बताया कि ऐसे में किसानों को सर्वाधिक चना, प्याज, पालक, मेथी, धनिया, मूली, गोभी और आलू की फसल बेकार हो गई है। बैठक में आर्थिक रूप से बर्बाद हुए किसानों की मदद किए जाने की शासन-प्रशासन से मांग की गई, ताकि गरीब परिवारों की मदद हो सके। इस दौरान मुख्य रूप से चन्द्रभान, घसीटू, राजू, देवकुमार, आदेश, गौरव, विनोद, पप्पी, दुर्गेश, ब्रजपाल, कैलाश, साधुराम, चन्द्रपाल, ब्रजपाल, नरेश आदि मौजूद रहे।

स्पिक मैके के संस्थापक 28 को मुजफ्फरनगर में

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। स्पिक मैके के संस्थापक व आईआईटी दिल्ली के पूर्व प्रो. पद्मश्री डॉ. किरण सेठ कश्मीर से कन्याकुमारी तक की अपनी एकल यात्रा के दौरान बुधवार 28 सितम्बर को मुजफ्फरनगर में पधार रहे हैं। डॉ. सेठ की इस बीच नगर में प्रवेश के दौरान प्रातः 11 बजे रामपुर तिराहे पर साइकिलों के माध्यम से करेंगे। 73 वर्षीय प्रो. डॉ. किरन सेठ साइकिल यात्रा के दौरान भारत के छोटे-बड़े शहरों व कस्बों में विभिन्न वर्गों से संवाद स्थापित कर रहे हैं। इसी कड़ी में वह आई टी रुडकी से साइकिल से सीधे मुजफ्फरनगर पहुंचेगे। शारदेन पब्लिक स्कूल में 28 सितम्बर को अपराह्न ०1 बजे विद्यार्थियों शिक्षकों व प्रधानाचार्यों के साथ अधिकारी, मीडिया और अन्य प्रबुद्धजनों से मुलाकात करेंगे। प्रो. डॉ. किरन सेठ 12 बजे टिकैत चौक पर स्थित पैट्रोल पंप पर स्वागत किया जाएगा। डॉ. किरन सेठ आईआईटी दिल्ली में इंजीनियरिंग विभाग के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने 15 अगस्त को कश्मीर से अपनी साइकिल यात्रा की शुरूआत की थी, उनका लक्ष्य भारत के 200 से अधिक जिलों और शहरों को कवर करना है। डॉ. की इस पहल का उद्देश्य भारत को समग्र विरासत और संस्कृति को युवाओं तक पहुंचाना, उत्तम स्वास्थ्य व पर्यावरण को बढ़ावा देना, महात्मा गांधी के सादा जीवन उच्च विचार के संदेश को फैलाना तथा स्पिक मैके में अधिक से अधिक स्वयंसेवकों को सम्मिलित करना है। इसी क्रम में मुजफ्फरनगर चैप्टर के द्वारा उनके स्वागत की तैयारी की गई है। अगले दिन डॉ. सेठ खतौली व मेरठ के लिए रवाना होंगे और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर नई दिल्ली में पहुंचेंगे।

भगत सिंह सेवा दल के पदाधिकारियों ने बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ को दिया निमंत्रण

मुजफ्फरनगर, २६ सितम्बर (सूवि)। भगत सिंह सेवा दल ने देशभक्त भगत सिंह के जन्मदिवस पर होने वाले कार्यक्रम का मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक को निमंत्रण दिया। भगत सिंह सेवादल के पदाधिकारियों ने सोमवार को मुजफ्फरनगर बुलेटिन कार्यालय पर पहुंचकर बुलेटिन सम्पादक व प्रेस काउंसिल सदस्य अंकुर दुआ को भगत सिंह के जन्मदिवस पर गांधी कॉलोनी स्थित गांधी वाटिका में २७ सितम्बर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। इस दौरान बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने कार्यक्रम में उपस्थित होने का आश्वासन दिया। इस दौरान भगत सिंह सेवादल के अखिल तागरा, विकास अरोरा, चौधरी नरेश अरोरा, पवन छाबड़ा, ओम प्रकाश बजाज, राजेश कुमार बब्बल, जोगेन्द्र गोवर प्रिंस अनेजा आदि उपस्थित रहे।

प्रतिबंधित मंगूरा मछली पालन में मिलीभगत के आरोप

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। अधिकारियों से सांठगांठ करके अवैध रूप से प्रतिबंधित मंगूरा मछली पालन को रोकने की मांग करते हुए दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम दरबार में दस्तक दी। इस दौरान डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने जनपद में विभागीय अधिकारियों को कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने पर चिंता व्यक्त करते हुए इस दिशा में सख्त कदम उठाए जाने की मांग की। महर्षि कश्यप एकता संगठन से जुड़े प्रमोद कश्यप ने सोमवार को डीएम चन्द्र भूषण सिंह से मुलाकात करते हुए जनपद में प्रतिबंधित मंगूरा मछली के इस बीच पालन करने की शिकायत करते हुए इस पर रोक लगाए जाने की मांग की। कलेक्ट्रेट में पहुंचे संगठन के लोगों ने इस बीच मत्स्य विभाग के अफसरों पर प्रतिबंधित मंगूरा मछली के पालन में कारोबारियों को मदद किए जाने के आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की। शिकायत की एक प्रति संगठन ने निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद को भेजते हुए इस मामले में कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से जय प्रकाश कश्यप, श्याम सिंह कश्यप, प्रदीप कश्यप, रामधन कश्यप समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी की शह पर खुलता है बुढ़ाना का बाजार

बुढ़ाना, 26 सितम्बर (बु.)। साप्ताहिक बाजार बंदी में भी सोमवार के दिन बाजारों में काफी दुकानदारों द्वारा दुकानें खोली गई। बुढ़ाना में सप्ताह में एक दिन सोमवार को बाजार बंदी रखने के आदेश गत् वर्ष प्रशासन द्वारा जारी किए गए थे। यहां साप्ताहिक बंदी के दौरान मिठाई, फल व सब्जी की दुकानों को छोड़कर सभी दुकानों को बंद रखने के आदेश हैं। उसके बाद भी बुढ़ाना कस्बे का बाजार बड़े ही बैखोफ तरीके से दुकानदारों द्वारा खोला जाता है। सुबह से ही बुढ़ाना में दुकानें खुल जाती हैं। प्रतिबंधित दुकान किरयाना स्टोर, जनरल स्टोर, जूते चप्पल, रेडीमेड कपड़ों, साड़ी और मोबाइल इत्यादि



वस्तुओं की दुकानों को यहां पर धड़ल्ले से खोला जाता है। दुकान खुलती हैं, तो फिर देखा देखी में और भी दुकानदार अपनी अपनी दुकानों को खोल लेते हैं और फिर बाजार में लोगों की काफी भीड़ हो जाती है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी इस और बहुत ही लापरवाह हैं। पिछले दिनों उनसे जब रुबरु होकर यह कहा गया कि साप्ताहिक बंदी में कुछ दुकानदारों द्वारा अपनी अपनी दुकानों को खोला जाता है तो उनका जवाब था कि खुल जाने दो। कुल मिलाकर दुकानदारों द्वारा बैखोफ होकर प्रतिबंधित दुकानों को खोलकर शासन के आदेशों का जो मजाक उड़ाया जाता है वह यहां पर किसी से भी छुपा हुआ नहीं है।

डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

मुजफ्फरनगर, २६ सितम्बर (सूवि)। डीएम चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जनपद रैंकिंग, आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पंजीकरण, जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थी व आशा भुगतान, क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, कोविड टीकाकरण की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी नोडल अधिकारियों एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यक्रमों में लक्ष्य के सापेक्ष गुणात्मक उपलब्धि सुनिश्चित की जाए। खराब प्रगति पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी अस्पताल में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। परिसर की साफ–सफाई आदि के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा अस्पतालों में मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। डीएम ने कहा कि १ अक्टूबर से ३१ अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान, ०७ से २१ अक्टूबर तक दस्तक अभियान के तहत घर–घर सर्वे कर फ्लू, खांसी, बुखार के रोगियों व कुपोषित बच्चों की जांच की जाये। बैठक में विभिन्न विभागों तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, पंचायती राजविभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग आदि के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी विस्तार से देते हुए कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय से इस अभियान की सफलता सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि संचारी रोग

एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को या पशुओं से इंसान को हो सकती है। उन्होने बताया कि टीवी, डिप्थीरिया, रैबीज, टिटनेस तथा हैपेटाइटिस आदि संचारी रोगों की श्रेणी में आती है। यह बीमीरियां दूषित हवा से, दूषित पानी से, दूषित खाना खाने से तथा मच्छरों के काटने से होती है। दस्तक अभियान में फिजिकल डिस्टेंसिंग, हाथों की धुलाई और मास्क की अनिवार्यता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि स्वास्थ्य कार्यकर्ता सावधानी रखते हुए लोगों को मलेरिया, डेंगू एवं कोरोना से बचाव के बारे में बेहतर तरीके से जागरूक कर सकें। आशा, कार्यकर्ती तथा आंगनबाड़ी द्वारा घर घर जाकर लोगो को संचारी रोगों से बचाव के उपाय, लक्षण एवं निकटतम स्वास्थ्य केंद्र के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। इस दौरान आशा कार्यकर्त्ताओं द्वारा दिमागी बुखार के लक्षणों एवं उपचार के विषय में समुदाय को जागरूक किया जाए। बैठक में सीडीओ संदीप भागिया, सीएमओ महावीर सिंह फौजदार, संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित उपस्थित रहे।

गांधी कॉलोनी रामलीला में मारीच और सुबाहु का वध

मुजफ्फरनगर, २६ सितम्बर (बुस.)। गांधी कॉलोनी रामलीला में विजय शुक्ला जिलाध्यक्ष भाजपा, गुरु चरण सिंह बरार अध्यक्ष गुरुसिंह सभा एवं गुरु सिंह सभा के सभी पदाधिकारी, अमर धमीजा, अनिल धमीजा, राज किशन बाटला, राकेश हुड़िया, विजय वर्मा, पवन छाबड़ा, भवानी मलिक, प्रेमी छाबड़ा, विनोद छाबड़ा, हरिकिशन सुनेजा, घनश्याम हसेजा, सुरेंद्र इशपूजानी, अनिल इशपूजानी आदि द्वारा आरती कर रामलीला की शुरुआत की, जिसके पश्चात रामलीला में मारिच को तीर मार कर १०० योजन दूर फेंक दिया गया और सुबाहू का वध कर दिया गया व ताड़का का स्यापा दिखाया गया और माली मालन को भी पदर्शित किया गया और अंत में जनकपुरी का बाजार दिखाया, जिसमें जनता ने काफी आनंद लिया। २७ सितम्बर को गांधी कॉलोनी में भव्य राम बारात, शोभायात्रा गांधी कॉलोनी के क्षेत्र में निकाली जाएगी, जिसका लोग हर वर्ष बेसब्री से इंतजार करते हैं।

श्रीरामलीला नई मंडी में सीता व रावण जन्म का मंचन

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। श्री राम लीला नई मंडी द्वारा श्रीराम लीला भवन नई मंडी में चल रही रामलीला में सोमवार को दूसरे दिन दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ भगवान की आरती कर लीला का शुभारंभ किया गया। इसके बाद वृंदावन से आई मंडली द्वारा रावण जन्म की सुंदर लीला का मंचन किया। मंचन में रावण के पुत्र मेघनाथ द्वारा इंद्र को ललकार कर कहा कि सारा साम्राज्य हमारा है आप सब हमारी शरणागति में आइए। इस पर इंद्र ने देवताओं की तरफ से बोलते हुए कहा कि मेघनाथ मैं इंद्र हूं चुपचाप यहां से चले जाओ वरना अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो। इस पर मेघनाथ ने इंद्र को ललकारते हुए युद्ध के लिए आमंत्रित किया। इस बीच दोनों में घोर युद्ध हुआ। मेघनाथ ने इंद्र समेत सभी देवताओं पर विजय प्राप्त कर अपने पिता रावण के दरबार में सभी देवताओं को बंदी बना

कर ले गए। यह दृश्य देखकर रावण ने मेघनाथ की प्रशंसा की तथा अपने दूतों को आदेश दिया कि एक घड़े में सभी देवताओं का खून निकाला जाए। खून निकालने के पश्चात रावण ने आदेश दिया इस घड़े को जमीन में दबा दिया जाए। देवताओं ने रावण को श्राप दिया कि जहां यह घड़ा दबाया जाएगा वहीं 14 साल अकाल पड़ेगा व इस घड़े में से ऐसी दिव्य शक्ति निकलेगी जो उसकी मृत्यु का कारण बनेगी। यह सुनकर रावण ने उस घड़े को अपनी सीमा से बाहर राजा जनक की सीमा में दबाने का हुकम दिया उसके बाद 14 साल तक भयंकर अकाल पड़ा और जनता में त्राहि-त्राहि मच गई सभी एकत्रित होकर राजा जनक के पास गए राजा जनक ने राजगुरू शतानंद महाराज से इस समस्या के निवारण के लिए पूछा और राजा जनक और रानी हल चलाते समय एक जगह पर उनके हल जमीन पर धंस गया और व

1973-2022

सम्पादक की क़लम से

राजस्थान की राजनीति

राजस्थान की राजनीति ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के उत्साह में व्यवधान उत्पन्न कर दिया है। प्रधानमन्त्री मोदी की कई बातों को कई कांग्रेसियों ने दिल से लगा लिया है अर्थात कांग्रेस पर धीरे-धीरे मोदी दर्शन हावी हो रहा है, दूसरे शब्दों में कहें तो कांग्रेस अब मोदी का अनुसरण कर रही है। अध्यक्ष पद का चुनाव होना भी मोदी दर्शन ही का अंश है, पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की बातें उठना भी मोदी दर्शन है, एक व्यक्ति एक पद भी मोदी दर्शन ही है। कांग्रेस में परिवार से बाहर का अध्यक्ष हो, यह सोच, मोदी दर्शन ही के कारण उभरी है। अध्यक्ष पद का चुनाव भी मोदी दर्शन ही का परिणाम दिखायी पड़ रहा है और इसी कारण राजस्थान की राजनीति बिगड़ रही है। कुछ लोगों का कहना है कि मोदी दर्शन का अनुसरण अब कांग्रेस का कोई भला करने वाला नहीं है, क्योंकि जो नुकसान होना था, वो तो हो चुका, अब मोदी दर्शन का अनुसरण लाभ से अधिक हानि का कारण बनेगा। राजस्थान की राजनीति से कोई अच्छा सन्देश नहीं जा रहा है। वर्ष 2020 के बाद अब फिर कांग्रेस की गुटबाज़ी ने जयपुर से दिल्ली तक की राजनीति को गरमा दिया है। राजस्थान में मुख्यमन्त्री पद के लिए नए चेहरे का चुनाव कांग्रेस के लिए बड़ा सियासी संकट बन गया है। अशोक गहलोत समर्थक विधायक खुलकर सचिन पायलट के विरोध में उतर आए हैं। अशोक गहलोत के समर्थन में विधायकों ने सामूहिक इस्तीफे की पेशकश कर कांग्रेस आलाकमान पर भी दबाव बनाने का प्रयास किया है। नये सीएम का नाम तय करने को लेकर रखी गई फीडबैक बैठक का भी गहलोत समर्थक विधायकों ने बहिष्कार कर स्पष्ट संदेश दिया है। इस राजनीतिक घमासान के बीच सचिन पायलट और उनके समर्थक विधायक फिलहाल ख़ामोश नज़र आ रहे हैं। पायलट के लिये होर्डिंग ज़रूर लगाए गए हैं। अशोक गहलोत कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ में पहले पायदान पर हैं। हालांकि, सीएम गहलोत ने अभी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया है। हाल में उनकी राहुल गांधी और सोनिया गांधी से हुई मुलाकातों की वजह से भी अशोक गहलोत का नाम कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चर्चा में आगे है। गहलोत समर्थक विधायकों का कहना है कि आलाकमान को यह ध्यान रखना चाहिए कि दो साल पहले बीजेपी के साथ मिलकर सरकार गिराने की साज़िश किन लोगों ने रची थी। निर्णय विधायकों के अनुरूप होगा, तो सरकार चलेगी। अगर विधायकों के अनुरूप भावना नहीं होगी, तो सरकार चल सकती है क्या? गहलोत ने बातों-बातों में कई बार कहा कि कांग्रेस में 'एक व्यक्ति और कई पद' के उदाहरण पहले भी रहे हैं। इन बयानों से साफ़ पता चलता है कि वो राजस्थान का सीएम पद छोड़ने के मूड में नहीं है, लेकिन मोदी दर्शन आड़े आ रहा है। सियासी गलियारों में अगले मुख्यमंत्री के तौर पर सचिन पायलट के नाम की चर्चा तेज़ हो गई है। पायलट को राहुल गांधी की पसंद के तौर पर भी देखा जाता है, मगर पायलट के सीएम बन सकने की चर्चा के साथ ही उनका भारी विरोध भी हो रहा है। गहलोत समर्थक विधायक, दो साल पहले सरकार गिराने के प्रयास में बग़ावत के आरोप लगाते हुए सचिन पायलट का खुलकर विरोध कर रहे हैं। इन विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर सीपी जोशी के आवास पहुंच इस्तीफ़े भी सौंपे। नए मुख्यमंत्री के नाम पर कांग्रेस विधायकों से चर्चा करने और विधायकों की नब्ज़ टटोलने के लिए दिल्ली से वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राज्य प्रभारी अजय माकन को जयपुर भेजा गया। बैठक के समय में दो बार बदलाव किया गया, इसके बावजूद गहलोत समर्थक विधायकों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। बैठक से पहले सभी गहलोत समर्थक विधायक अशोक गहलोत के विश्वसनीय कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल के घर जुटने शुरू हुए। मुख्यमंत्री आवास पर सीएम अशोक गहलोत, सचिन पायलट और उनके समर्थक विधायक, अजय माकन, मल्लिकार्जुन खड़गे बैठक के लिए विधायकों का इंतज़ार कर रहे थे। इस बैठक का बहिष्कार कर और इस्तीफ़े देकर विधायकों ने ये संदेश देने की कोशिश की है कि यदि पायलट को मुख्यमंत्री बनाया गया तो सरकार गिर सकती है। राजस्थान की राजनीति में अशोक गहलोत और सचिन पायलट की गुटबाज़ी किसी से छुपी नहीं है। अभी राज्य की कांग्रेस के अधिकतर विधायक गहलोत के समर्थन में दिख रहे हैं। जबकि, साल 2020 में सचिन पायलट के समर्थक रहे कई विधायक अब उनसे दूरी बना चुके हैं। पिछले कुछ दिन में इस घमासान में सचिन पायलट के समर्थन में लगभग एक दर्जन विधायक ही उनके साथ दिखे, जबकि पायलट के विरोध में लगभग 80 विधायकों ने इस्तीफे सौंपे हैं। अशोक गहलोत के समर्थन में मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने 92 विधायक साथ होने का दावा किया था। इस दावे और विधानसभा अध्यक्ष को दिए गए इस्तीफों के हिसाब से संख्या बल गहलोत के पक्ष में दिखता है। ऐसी स्थिति में पायलट के मुख्यमंत्री बनने को लेकर संशय बना हुआ है। साल 2020 में अपने समर्थक विधायकों के साथ हरियाणा पहुँच जाने की बग़ावत भी सचिन पायलट के लिए अब मुख्यमंत्री की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन गई है। उनके इस पुराने क़दम को लेकर अब सबसे ज़्यादा विरोध हो रहा है। कहा जा रहा है कि राजस्थान की राजनीति में अब सचिन पायलट का सर्वाइव करना मुश्किल लग रहा है। कांग्रेस में रहकर तो अब उनके लिए सीएम बनना बिल्कुल संभव नहीं लग रहा। अब कांग्रेस से बाहर ही उनका राजनीतिक जीवन बन पाएगा। लोग यह भी कहते हैं कि कांग्रेस ने सचिन पायलट को बच्चे की तरह एडॉप्ट किया था। हालांकि, पायलट कुछ ख़ास समीकरण बैठा नहीं सके। जिस तरह बीते दिन अशोक गहलोत के समर्थन में विधायकों ने आलाकमान के भेजे ऑब्ज़र्वर के सामने तीन मांगें रखी हैं, उससे कॉम्प्रोमाइज़ करने पर राज्य में कांग्रेस डगमगा जाएगी। गहलोत समर्थक विधायकों की पहली मांग है कि विधायक दल की बैठक अब 19 अक्तूबर के बाद होगी। दूसरी मांग है कि जब तक अध्यक्ष का फैसला नहीं हो जाता, तब तक कोई भी प्रस्ताव पारित नहीं होगा, और तीसरी मांग है कि सरकार बचाने में समर्थन देने वाले 102 विधायकों ही में से अगला सीएम होना चाहिए।

चार तीर -सुनील 'उत्सव'

'प्यार' 'पप्पु' 'खूबी' 'उम्र'
प्यार से समझाइये या डांट कर समझाइये,
पप्पु क्या समझेंगे उनको उम्र भर समझाइये।
अपने एबों को जो खूबी ही समझते हों यहाँ,
ऐसे लोगों को बहुत कुछ सोच कर समझाइये।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन की स्वर्ण जयंती का निमंत्रण न्यू एस.डी. कॉलेज मार्किट एसोसिएशन को दिया

मुजफ्फरनगर, २६ सितम्बर (बु.)। ३ अक्टूबर को मुजफ्फरनगर बुलेटिन रंगीन व स्वर्ण जयंती के कार्यक्रम का निमंत्रण मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व उनके पुत्र वंश दुआ ने न्यू एस.डी. कॉलेज मार्किट एसोसिएशन को दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान अनिल नामदेव, संरक्षक राकेश कंसल, चेयरमैन योगेश भगत, कोर्डिनेटर नेशी अरोरा, उपाध्यक्ष विजय तागरा, प्रचार एवं मीडिया सचिव आकाश अरोरा व मार्किट के अन्य वरिष्ठ केवलराम चुग्घ सलाहकार, पंकज गर्ग, नरेश पोपली, राजेन्द्र भगत, बॉबी गोयल, पंकज भगत आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों ने बुलेटिन की ३ अक्टूबर को होने जा रही स्वर्ण जयंती के कार्यक्रम में भाग लेने का आश्वासन दिया और कहा कि वास्तव में मुजफ्फरनगर बुलेटिन जन-जन की आवाज है, अपने शहर की शान है। बुलेटिन के सहयोग के लिए न्यू एस.डी. कॉलेज मार्किट एसोसिएशन सदैव तैयार रहेगा और बड़ी संख्या में उक्त कार्यक्रम में भाग लेगा।

गुणवत्ता होगी तो निर्यात की अपार संभावनाएं

➲श्रीराम कॉलेज में कृषि निर्यात प्रोत्साहन हेतु क्षमता निर्माण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न ➲किसान नेताओं और कृषि वैज्ञानिकों ने बांसमती, गुड़, फल और सब्जियों को लेकर चर्चा

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। पद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. वीपी सिंह ने कहा है कि किसानों को अपनी आय को बढ़ाने के लिये कृषि उत्पाद की गुणवत्ता में वृद्धि करना तथा उनकी बुआई एवं कटाई का सही समय पता होना बहुत जरूरी है। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज में कृषि निर्यात प्रोत्साहन हेतु क्षमता निर्माण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी बतौर मुख्य वक्ता डॉ. वीपी सिंह ने कहा कि धान की अच्छी उपज तथा अच्छी कीमत लेने के लिये अच्छे किस्म के बीजों का उगाना जरूरी है। आज के समय में रोग रहित तथा कीट रहित अनेक धान की प्रजातियां बाजार में उपलब्ध हैं तथा जिनका बाजार में मूल्य बहुत अच्छा है, तो हमें अपनी आय को बढ़ाने के लिये उन बीजों का खेत में लगाना आवश्यक है। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक उमेश मलिक, डीएम चन्द्रभूषण सिंह, पीजेंट चेयरमैन अशोक बालियान, पीजेंट पैटर्न बोर्ड के चेयरमैन सुभाष चौधरी, भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, कॉलेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ आदि ने शुभारंभ किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक ने कहा कि हमारे मुजफ्फरनगर जिले के किसान अपने उत्पाद को बेचने के लिये दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है, जिस कारण उन्हें अपने कृषि उत्पाद का सही मूल्य नहीं मिल पाता है। उन्होंने बताया कि एपीडा उद्यान

विभाग के द्वारा किसानों को प्रशिक्षण देने का कार्य भी किया जा रहा है, जिससे निर्यात के मानकों के अनुरूप ही किसान अपनी पैदावार बढ़ा सकें। जनपद मुजफ्फरनगर में इसकी बहुत सम्भावनाएं हैं। संगोष्ठी के समन्वयक एवं श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार अहलूवालिया ने बताया कि मुजफ्फरनगर के किसान को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा जिले में बासमती चावल, गुड़, फल-सब्जी और फूल आदि के गुणवत्तापूर्ण उत्पादन एवं निर्यात एवं उनसे संबंधित चुनौतियों और सम्भावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि एपीडा और लघु कृषक कृषि व्यापार संघ के बीच हुये समझौते के अनुसार एसएफएसी छोटे और सीमांत किसानों को किसान हित समूहों, किसान उत्पादक संगठनों और किसान उत्पादक कंपनी को संगठित करता है और छोटे और सीमांत किसानों को कृषि निवेशों की सुलभता और सस्ती उपलब्धता के लिए एक मंच प्रदान करता है। उपरोक्त सुविधा जनपद मुजफ्फरनगर में भी शुरू करने की मांग रखी गई। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा कृषि उत्पादों के लिये परिवहन और विपणन सहायता (टीएमए) योजना का दायरा बढ़ाते हुये डेयरी उत्पादों को भी इस में शामिल किया है अतः पश्चिमी उत्तर प्रदेश में डेयरी व्यवसाय के क्षेत्र एवं उत्पाद के निर्यात में असीम सम्भावना है। भारत में किसानों की आमदनी को दो गुना करने के लिये नये-नये बदलाव किये जा रहे हैं। इस बीच किसानों को भी महंगी और नकदी फसलों की खेती के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है, क्योंकि बाजार में भी सबसे ज्यादा इन्हीं फसलों की मांग और कीमत होती है। ऐसी ही मंहगी और नकदी फसल में काला अमरूद शामिल हो गया है। संगोष्ठी में इस बात पर भी चर्चा हुई कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश डेयरी उत्पादों, प्रोसैस्ड फल-सब्जियों, मक्का और मक्का उत्पादों, बासमती चावल, शहद, ताजी सब्जियों और फलों के क्षेत्र में कृषि निर्यात का क्षेत्र बन सकता है। इस क्षेत्र में आलू, भिंडी, मटर, गोभी, अंग्रेजी गाजर, हरी मटर, बीन, टमाटर जैसी सब्जियों का कारोबार अभी स्थानीय मंडियों व आसपास के राज्यों में हो रहा है, जिसे निर्यात बाजार में उतारे जाने की जरूरत है। इस क्षेत्र से अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कार्गो सैंटर नजदीक है, इसलिए यहाँ कृषि उत्पाद निर्यात की सम्भावना अधिक है। संगोष्ठी के दूसरा सत्र तकनीकि सत्र रहा जिसमें मुख्य रूप से डॉ. गजे सिंह, कीट विज्ञान विभाग, सरदार वल्लभ भाई पटेल विश्वविद्यालय, मेरठ एवं डॉ. प्रियंका सिंह वैज्ञानिक गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ के द्वारा किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाले कृषि उत्पाद के साथ-साथ उपज में बढ़ोतरी के बारे में बताया गया। डॉ. केपी सिंह, सेवानिवृत्त, जनरल मैनेजर बजाज शूगर मिल एवं चीफ एग्जीक्यूटीव ऑफिसर हंस हेरीटेज इंडस्ट्रीज ने कहा कि हमें गुड की गुणवत्ता बढ़ाने के अपने खेतों की मृदा की जांच करानी चाहिये तथा जिस तत्व की कमी हमें दिखाई दे रही है उसको कार्बनिक तरीके से पूर्ति करना चाहिये। यदि सम्भव हो तो कार्बनिक तरीके से ही कीटों एवं रोगो की रोकथाम करनी चाहिये। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। आयोजन में प्राचार्य डॉ. प्रेरणा मित्तल, निशांत राठी, डॉ. विनीत शर्मा, डॉ. नईम, डॉ. रवि गौतम, डॉ. विक्रान्त, डॉ. अंजलि, मुकुल, आबिद, सचिन, सूरज, राजकुमार, सुमित, विकास, जितेन्द्र एवं छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

विविधता में एकता कार्यक्रम जिला विद्यालय निरीक्षक की देखरेख में संपन्न हुआ

मुजफ्फरनगर, २६ सितम्बर (बुस.)। आज भगवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी में विविधता में एकता जनपद स्तर का कार्यक्रम जिला विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की संयोजिका भगवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सीमा गोयल एवं उनके सहयोगी प्रधानाचार्य डॉक्टर कंचन प्रभा शुक्ला जैन, कन्या इंटर कॉलेज नई मंडी डॉ. राजेश कुमारी, वैदिक पुत्री कन्या पाठशाला नई मंडी एवं अनिल कुमार राजकीय इंटर कॉलेज रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला विकास अधिकारी संदीप भाटिया, कार्यक्रम संयोजक जिला कोषाध्यक्ष रमेश खुराना, जिला उपाध्यक्ष शरद शर्मा का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन कमिश्नर स्काउट एवं गाइड भारत भूषण के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की एकता में अखंडता एक भारत श्रेष्ठ भारत है, जिसके मुख्य आकर्षण विभिन्न प्रांतों के भुजिया, व्यंजन, वेशभूषा तथा नृत्य शैली रहे। इस कार्यक्रम में १६ विद्यालयों के भैया बहनों ने सहभागिता की, जिनकी वेशभूषा एवं नृत्य की प्रस्तुति देख एक मंच पर समूचे भारत की संस्कृति की झलक देखकर कार्यक्रम में आए सभी आगंतुकों का मन प्रफुल्लित हो गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य भगवंती सरस्वती विद्या मंदिर के अध्यक्ष ज्ञान चंद सिंघल, प्रबंधिका सुधा मजूमदार, पूर्व विधायक अशोक कंसल, सरदार सुख दर्शन बेदी, विजेंद्र पाल, सुषमा पुंडीर, प्रेमी छाबड़ा समिति के अन्य गणमान्य सदस्य एवं समाज के सम्मानित व्यक्ति तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

सीता स्वयंवर लक्ष्मण परशुराम संवाद का दर्शकों ने लिया भरपूर आनंद

जानसठ, २६ सितंबर (बु.)। प्राचीन रामलीला समिति द्वारा श्रीरामलीला मंचन के दौरान रविवार रात को सीता स्वयंवर व लक्ष्मण-भगवान परशुराम संवाद का मंचन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने रामलीला ग्राउंड में पहुंचकर राम विवाह में भाग लिया। महन्त रतन सिंह राजपूत ने बताया कि मंचन के दौरान जनकपुर के महाराजा जनक सीता स्वयंवर की घोषणा करते हैं और राजकुमारों का दरबार पहुंचना शुरू होता है। स्वयंवर में आए सभी राजकुमार भगवान शंकर के धनुष को उठाने का प्रयास करते हैं, लेकिन विफल रहते हैं। राम-लक्ष्मण भी दरबार में पहुंचते हैं, जब सभी राजा लोग शिव धनुष के समक्ष शक्तिहीन हो गए, तब महर्षि विश्वामित्र राम से कहते हैं कि उठहुं राम भंजहु भव चापा, मेटहु तात जनक परितापा। इसके बाद राम महर्षि की आज्ञा पाकर उठते हैं और शिव धनुष को एक ही पल में उठाकर तोड़ देते हैं। इस दृश्य के मंचन के साथ ही जोरदार पटाखों की आवाज होती है और लोग जय श्री राम के जयघोष लगाते हैं। इसके बाद श्रीराम व सीता का विवाह संपन्न होता है, लेकिन इसके बाद धनुष टूटते ही मंच पर भगवान परशुराम का आगमन होता है और वह क्रोधित होकर धनुष किसके द्वारा तोड़ा गया पूछते हैं। इसके बाद लक्ष्मण व परशुराम के जोशीले संवाद सुनकर दर्शकों की स्थिति भी विचित्र बन जाती है, जिसके बाद प्रभु राम भगवान परशुराम से बात करते हैं, जिसके बाद भगवान परशुराम को पता चलता है कि धरती पर स्वयं नारायण ने जन्म लिया है, जिसके बाद उनका गुस्सा शांत हो जाता है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष निशांत कांबोज सोनी कुमार गुर्जर, रामअवतार दीक्षित,

अशोक राजपूत, उमाशंकर शर्मा, अमित शर्मा, शालू वालिया, विकास धनगर, सुमित सैनी, अनिल, यशदीप शर्मा, प्रदीप राणा, यशदीप शर्मा, कैलाश सैनी, प्रमोद, डॉक्टर प्रदीप अमरजीत सैनी ज्ञानचंद सैनी सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

वैश्य सभा करेगी छात्र-छात्राओं को सम्मानित

मुजफ्फरनगर, २६ सितम्बर (बु.)। वैश्य सभा जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा ४ अक्टूबर को वैश्य मेधावी छात्र-छात्रा अलंकरण समारोह आयोजित किया जायेगा, जिसकी तैयारियों को लेकर आज एक बैठक कार्यालय पर हुई, जिसमें सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई। वैश्य सभा जनपद मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल ने बताया कि ४ अक्टूबर को बड़े हर्षोल्लास के साथ मैधावी छात्र-छात्रा अलंकरण समारोह आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिले के वैश्य छात्र-छात्राओं को यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, हाईस्कूल व इण्टर २०२२ में ८५ प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक योगेश भगत, राकेश कंसल ने भी बैठक में अपने विचार रखे और कहा कि कार्यक्रम अति सुन्दर रहेगा। बैठक के बाद वैश्य सभा के सभी पदाधिकारी कार्यक्रम का निमंत्रण देने राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल के आवास पहुंचे और उन्हें निमंत्रण दिया। बैठक में अचिन कंसल, वैभव मित्तल, अशोक सिंघल, संजीव गोयल, अजय सिंघल, अरविन्द गुप्ता, दिनेश बंसल, जनार्दन स्वरूप गर्ग एवं सत्यप्रकाश मित्तल आदि उपस्थित थे।

नाटक के बाद अशोक गहलोत का पत्ता साफ

नई दिल्ली, 26 सितंबर (वार्ता)। कांग्रेस के अध्यक्ष पद की रेस राजस्थान संकट के चलते रोचक हो गई है। अशोक गहलोत का सीएम पद का मोह अब उन पर भारी पड़ता दिख रहा और कांग्रेस अध्यक्ष की रेस से उन्हें बाहर कर दिया गया है। कांग्रेस के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि हाईकमान की इच्छा के विपरीत जाकर अशोक गहलोत का 82 विधायकों के इस्तीफा का दांव चलना गांधी परिवार को अच्छा नहीं लगा है। ऐसे में उन्हें लेकर अब गांधी परिवार रिस्क नहीं ले रहा है और अब उन्हें अध्यक्ष पद की रेस से बाहर कर दिया गया है। यही नहीं चर्चाएं तो यहां तक हैं कि अब सीएम पद पर भी किसी और नेता को लाया जा सकता है। अब कहा जा रहा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे, मुकुल वासनिक, कमलनाथ जैसे नेता भी अब अध्यक्ष पद की रेस में आ गए हैं। यही नहीं दिग्विजय सिंह भी अध्यक्ष पद के चुनाव में उतर सकते हैं। राहुल गांधी के करीबी और कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल भी अध्यक्ष के लिए चुनाव में आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि फिलहाल सोनिया गांधी और राहुल गांधी मंथन कर रहे हैं कि किसे अध्यक्ष चुनाव के लिए समर्थन किया जाए। इससे पहले अशोक गहलोत पर गांधी परिवार ने मन बना लिया था, लेकिन उनकी हरकत से वह अपमानित और भरोसे पर चोट जैसा महसूस कर रहा है। दरअसल कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सोमवार से नामांकन की शुरुआत होनी थी, लेकिन अब तक किसी ने नहीं किया है। राजस्थान में आए सियासी संकट ने अध्यक्ष पद की रेस को भी उलझा दिया है। एक तरफ राजस्थान को लेकर पसोपेश की स्थिति है तो वहीं अध्यक्ष के तौर पर भी अब हाईकमान किसी और भरोसेमंद पर दांव लगाने पर विचार कर रहा है। अब तक केसी वेणुगोपाल का नाम इस रेस में नहीं था, लेकिन अचानक ही उनका नाम भी चर्चा में आ गया है। इसकी वजह यह है कि वह राहुल गांधी के करीबी हैं और दक्षिण भारत से आते हैं, जहां कांग्रेस खुद को मजबूत करने में जुटी है। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत को रविवार दोपहर तक कांग्रेस के अगले अध्यक्ष के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन शाम होते-होते कहानी बदल गई। कांग्रेस के 82 विधायकों का राजस्थान में अशोक गहलोत ने इस्तीफा दिला दिया। सचिन पायलट को सीएम बनने से रोकने की उनकी कोशिश सड़क पर आ गई। यही नहीं पर्यवेक्षकों के साथ मीटिंग भी विधायकों की नहीं हो सकी और अजय माकन एवं मल्लिकार्जुन खड़गे बैरंग की दिल्ली लौट गए। अजय माकन ने दिल्ली लौटने से पहले पूरी स्थिति बयां की और माना कि जो हुआ, वह अनुशासनहीनता थी। उन्होंने कहा कि जब विधायक दल की मीटिंग बुलाई गई थी तो उसके समानांतर किसी मंत्री के घर बैठक करना अनुशासनहीनता तो है। उनके इस बयान के बाद से ही कयास लग रहे हैं कि क्या अशोक गहलोत के शक्ति प्रदर्शन को हाईकमान ने भरोसे को तोड़ने वाली हरकत के तौर पर लिया है? कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे सोनिया गांधी से मिलकर पूरे मामले की जानकारी देंगे। लेकिन पार्टी लीडरशिप को अशोक गहलोत का रवैया भरोसा तोड़ने और अपमान करने वाला लगा है। सोनिया गांधी के दूतों से मुलाकात न करना और अलग से मीटिंग बुलाना पार्टी लीडरशिप को खला है।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन की स्वर्ण जयंती का निमंत्रण एडीएम-प्रशासन नरेन्द्र बहादुर को देते मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व उनके सुपुत्र वंश दुआ।

आज मनाई जायेगी महाराजा अग्रसेन की जयंती

मुजफ्फरनगर, २६ सितम्बर (बु.)। महाराजा अग्रसेन की जयंती आज बड़े हर्षोल्लास के साथ महाराजा अग्रसेन भवन पर मनाई जायेगी। कार्यक्रम का आयोजन महाराजा अग्रसेन स्मारक ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। अध्यक्ष सत्यप्रकाश मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया जायेगा तथा उसके पश्चात गोष्ठी का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली गई है और सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम की जिम्मेदारी भी दी गई है। कार्यक्रम के संयोजक योगेश कुमार सिंघल, सह संयोजक अजय कुमार सिंघल एवं मंच संचालक ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, सदस्य विधानपरिषद दिनेश गोयल के अलावा विशिष्ट अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर आज अग्रसेन भवन में बैठक हुई। बैठक में अजय तायल, उपेन्द्र बंसल, मित्तर सैन अग्रवाल, पदम बंसल, तेजराज गुप्ता, विनय कुच्छल, देवेन्द्र गर्ग, आशुतोष कुच्छल आदि उपस्थित रहे।

हत्यारोपियों से जताया जान को खतरा

मोरना, 26 सितम्बर (बु.)। सगे भाई की हत्त्या में शामिल रहे आरोपियों पर दबंगता दिखाने का आरोप पीड़ित ने लगाया है तथा क्षेत्राधिकारी भोपा से कार्रवाई की गुहार लगाई है। ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव टंढ़ेडा निवासी निसार, अजमुद्दीन, राशिद, रियासत, रहमान, शौकीन, साबूद्दीन, आशु, साजिद आदि सोमवार को क्षेत्राधिकारी भोपा कार्यालय पर पहुँचे, जहाँ उन्होंने ने बताया कि गाँव के ही व्यक्तियों ने उनके परिवारजनों के साथ मारपीट की थी तथा सगे भाई कमरुद्दीन की तलवार से जानलेवा वार कर हत्या कर दी थी। आरोपियों का गाँव के अन्य व्यक्तियों से भी झगड़ा हुआ है। थाना ककरौली में आरोपियों के खिलाफ अनेक आपराधिक मामले संगीन धाराओं में दर्ज हैं। आरोपी आए दिन उनके परिजनों को दबंगई दिखाते रहते हैं तथा रास्ते मे चारपाई बिछाकर रास्ते को बन्द कर देते हैं व महिलाओं तथा बच्चों पर अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हैं। आरोपियों की हरकतों से परिवार तँग आ चुका है। आरोपियों की दबंगई से तंग आकर अन्य परिवार गाँव से पलायन भी कर चुके हैं। पीड़ितों ने अपनी जान को खतरा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्राधिकारी भोपा राम आशीष यादव ने बताया कि घटना की जाँच कर कार्रवाई की जायेगी।

कार्यकर्ता हमारी पार्टी को आधार व सुदृढ़ता प्रदान किये हुए हैं : कपिल देव

मुजफ्फरनगर, २६ सितम्बर (बुस.)। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विधानसभा क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों के लिए क्षेत्र की जनता से बूथ अध्यक्षों के माध्यम से प्रस्ताव मांगे। मुजफ्फरनगर विधानसभा सीट से हैट्रिक लगाने वाले भाजपा विधायक एवं प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी बूथ केंद्रित पार्टी है। उन्होंने बताया कि चुनाव के समय बूथ अध्यक्षों व बूथ स्तर के अन्य कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। आज कल भाजपा के सभी कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता हमारी पार्टी को आधार व सुदृढ़ता प्रदान किये हुए हैं। मंत्री कपिल देव ने क्षेत्र की जनता से आगामी एक वर्ष की कार्ययोजना को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों के प्रस्ताव पार्टी के बूथ अध्यक्षों, सेक्टर संयोजकों व मंडल अध्यक्षों के माध्यम से प्रेषित किये जाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी और योगी जी ने जितनी तेजी के विकास का काम किया है, अन्य दलों ने अब तक नहीं किया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार अपने मूल मंत्र सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के आधार पर चहुंमुखी विकास कर रही हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में क्षेत्रवासियों से विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे गए हैं, ताकि उनको अपनी विधायक निधि, मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, डूडा, नगर पालिका, जिला पंचायत, ग्राम्य विकास विभाग आदि से आगामी कार्ययोजना में सम्मिलित करते हुए पूरा कराया जा सके।

ए-टू-जेड कॉलोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का पितृ पूजन, हवन व भंडारे के साथ हुआ समापन

मुजफ्फरनगर, २६ सितम्बर (बुस.)। ग्रीन स्टेट एटूजेड कॉलोनी में रामकुमार रोहिल्ला व उनके परिवार द्वारा १८ सितंबर से कराई जा रही श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ सप्ताह का रविवार को हवन-यज्ञ व भंडारे के साथ समापन हो गया। कथा के समापन के अवसर पर पंडित पवन कुमार भार्गव द्वारा पितरों की आत्मा की शांति के लिए हवन पूजन किया गया, जिसमें श्री राधा माधव मंदिर के पुजारी पंडित काशीनाथ ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया। हवन-पूजन उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया और उसके बाद प्रसाद वितरण कर श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ। पंडित पवन कुमार भार्गव ने कथा के समापन पर बताया कि जिन पुण्य आत्माओं को गया जी में भी मुक्ति नहीं मिलती, उन पुण्य आत्माओं को पितृ पक्ष में होने वाली श्रीमद्भागवत कथा से मुक्ति मिलती है। इस दौरान उन्होंने धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए कहा कि हमें अपने धर्म के प्रचार प्रसार के लिए आगे आना चाहिए और इस तरह के आयोजन कराते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य यही है कि वह ज्यादा से ज्यादा लोगों को धर्म के प्रति जागरूक कर सकें, क्योंकि एक सोते हुए को जगाना तो आसान है, लेकिन जागते हुए को जगाना बहुत ही कठिन कार्य है। वह श्रीमद् भागव

बिना जूतों के कीचड़ में दौड़े नौ हजार युवा

अग्निवीर भर्ती

➲आज धूप निकलने से मिली अधिकारियों को थोड़ी राहत

➲बागपत और बड़ौत के युवा उतरेंगे अग्निपरीक्षा में

मुजफ्फरनगर, 26 सितंबर (बु.)। कई दिनों मौसम में जूझने के बाद अग्निवीर भर्ती रैली के लिए आज का दिन कुछ सुकून भरा रहा, हालांकि आज भी अभ्यर्थियों को कीचड़युक्त ट्रैक पर दौड़ लगानी पड़ी। आज बिजनौर, धामपुर और नगीना के अभ्यर्थियों ने फिसलन भरे ट्रैक पर अपना कमाल दिखाया। हालांकि उन्हें बिना जूतों के दौड़ना पड़ा। बाद में अभ्यर्थी नलों पर कीचड़ साफ करते नजर आए।

बिजनौर जिले की तीन तहसीलों बिजनौर, नगीना और धामपुर के नवयुवाओं के लिए आज अग्निवीर परीक्षा से गुजरने का दिन था। कई दिनों से भारी बारिश के बाद गत दिवस बारिश थमी जरूर, लेकिन मैदान पर तमाम कोशिशों के बावजूद कीचड़ को पूरी तरह साफ करने की कोशिशें नाकाम रही। इसके चलते आज इन तहसीलों के करीब नौ हजार अभ्यर्थी विभिन्न ग्रुपों में मैदान पर उतरे तो उन्हें वहां कीचड़ और फिसलन से जूझना पड़ा। कल मौसम साफ रहने के कारण आज होने वाली रैली के लिए रविवार की देर रात्रि करीब दस बजे सभी युवाओं की नुमाईश मैदान में लाइन में खड़ा कर दिया गया था। इसके बाद रात करीब दो बजे युवाओं को स्टेडियम में प्रवेश दिया गया। मैदान पर गीलापन होने के कारण आज भी दौड़ में देरी हुई और सुबह करीब पौने आठ बजे दौड़ शुरू हो सकी। अधिकारियों का दावा था कि स्टेडियम का करीब 60 प्रतिशत भाग दुरुस्त हो गया है। लेकिन ट्रैक पर आज भी कीचड़ बनी रही। ऐसे में बिजनौर के करीब नौ हजार युवा बिना जूतों के कीचड़ भरे ट्रैक पर 1600 मीटर की दौड़ के लिए मैदान पर उतरे। इससे पूर्व ऊंचाई कम होने के कारण सैंकडों युवा दौड़ से बाहर हो गए। दौड़ पास करने वाले युवाओं को नुमाईश मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए ले जाया गया। शारीरिक दक्षता परीक्षा में पास होने वाले युवाओं को मेडिकल के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है। तीन दिन की बारिश के बाद अभी तक भी चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम के मैदान पर दलदल रही। आज धूप निकलने के बाद मंगलवार को होने वाली दौड़ कुछ बेहतर हालात में होने की संभावना है। सोमवार को तीन दिन बाद निकली धूप सेना के जवानों ने काफी राहत की सांस ली है। अब मंगलवार को बागपत और बड़ौत के युवा अपना दमखम दिखाएंगे। आज शाम तमाम युवा यहां पहुंच गए और उन्होंने वेदांता फार्म्स में भोजन का आनंद लिया। रात में उन्हें नुमाइश मैदान में कतार बद्ध कर उनके कागजों की जांच व ऊंचाई नापने का काम शुरू हो गया।

अग्निवीर भर्ती के दौरान फुर्सत के क्षण, मेरठ रोड पर लगा जाम तथा अभ्यर्थियों की लम्बाई मापते सैन्यकर्मी।

अनार्जनपदीय पुलिस टेबिल टेनिस व बैडमिन्टन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस कार्यालय में मेरठ जोन की अन्तर्जनपदीय पुलिस टेबल टेनिस व बैडमिंटन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मेरठ जोन की 39वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस टेबल टेनिस व बैडमिंटन प्रतियोगिता मेरठ में सम्पन्न हुई। बैडमिंटन प्रतियोगिता के एकल वर्ग में मुजफ्फरनगर से महिला आरक्षी कुसुम द्वारा प्रतिभाग करते हुए प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया तथा बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप में महिला आरक्षी कुसुम व महिला आरक्षी नीलू द्वारा प्रतिभाग करते हुए द्वितीय स्थान पर रहकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया गया। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में एचसीपी अर्चना व महिला आरक्षी जुगनु द्वारा प्रतिभाग करते हुए द्वितीय स्थान पर रहकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद उपस्थित रहे।

त्योहारों को देखते हुए उत्तर प्रदेश में 31 अक्तूबर तक पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर लगाई रोक

लखनऊ, 26 सितंबर (वार्ता)। त्योहारों को देखते हुए 31 अक्तूबर तक पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। इसके आदेश डीजीपी मुख्यालय ने जारी कर दिए हैं। डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान की ओर से सभी डीजी, एडीजी, पुलिस आयुक्त, जिला पुलिस, एसएसपी रेलवे, सभी पीएसी की कंपनियों के कमांडेंट, जोन और रेंज के अफसरों को पत्र भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि आने वाले त्योहारों दुर्गा पूजा, दशहरा, दीवाली और छठ पूजा को देखते हुए सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टियां पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाती है। विशेष परिस्थितियों में ही छुट्टियां स्वीकृत की जाएंगी।

गुलाम नबी आजाद ने अपनी नई पार्टी घोषित की

नई दिल्ली, 26 सितंबर (वार्ता)। गुलाम नबी आजाद ने आज अपनी नई पार्टी के नाम की घोषणा कर दिया है। उन्होंने अपनी पार्टी का नाम डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी रखा है। आजाद ने 26 अगस्त को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उन्होंने कहा था जल्द वह नई पार्टी के नाम की घोषणा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि उनकी पार्टी की विचारधारा आजाद होगी। बता दें कि रविवार को ही गुलाम नबी आजाद श्रीनगर पहुंचे हैं। वह 27 सितंबर तक यहां रहेंगे। इसके बाद वह दिल्ली जाने वाले हैं।

रूबी खान ने घर पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित की

अलीगढ़, 26 सितंबर (वार्ता)। घर में गणेश की प्रतिमा स्थापित करने के बाद चर्चाओं में आईं रूबी आसिफ खान ने अब नवरात्रि का व्रत रखा है। मौलवियों के फतवा से बिना डरे रूबी खान ने अपने घर पर मां दुर्गा की मूर्ति भी स्थापित की और नवरात्रि के पहले दिन विधि विधान से पूजा अर्चना की। वह पूरे नवरात्रि यानी 9 दिनों तक व्रत रहेंगी। इस दौरान उन्होंने देश में अमन चैन की दुआ मांगी और गणेश पूजा के दौरान उनके खिलाफ फतवा जारी करने वालों की सद्बुद्धि की मां दुर्गा से कामना की।

10 दिन से दिखाई नहीं दिए चीन के राष्ट्रपति, क्या सच में 16 अक्तूबर तक कुछ बड़ा होगा?

नई दिल्ली, 26 सितंबर (वार्ता)। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग पिछले 10 दिन से सार्वजनिक रूप से नहीं दिखाई दिए हैं। 16 सितंबर को आखिरी बार उन्हें उज्बेकिस्तान में हुई एससीओ बैठक में देखा गया था। इसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुए थे। चीन लौटने के बाद से शी जिनपिंग किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में नहीं शामिल हुए। यहां तक चीन की मीडिया उनसे जुड़ी कोई खबर भी नहीं जारी कर रही है। इस बीच, चीन से अमेरिका भाग चुके पत्रकार झाओ लांजियन ने एक ट्वीट से सनसनी फैला दी। उन्होंने लिखा कि चीन में कुछ बड़ा होने वाला है। बड़ी संख्या में चीनी फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं। सोशल मीडिया पर कई वीडियो भी सामने आए, इनमें चीन की सड़कों पर सेना की गाड़ियां मूवमेंट करते हुए दिखाई दीं।

एयर होस्टेस से दुष्कर्म, राजनीतिक दल का स्थानीय नेता गिरफ्तार

नई दिल्ली, 26 सितंबर (वार्ता)। दक्षिणी दिल्ली के महरौली इलाके में एक राजनीतिक दल के स्थानीय नेता द्वारा एक एयर होस्टेस के साथ उसके घर में कथित तौर पर बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। रविवार को महरौली पुलिस स्टेशन में बलात्कार के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पीड़िता ने बताया कि हरजीत यादव, जिसे वह पिछले डेढ़ महीने से जानती थी, नशे की हालत में उसके घर आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। डीसीपी ने बताया कि 30 वर्षीय पीड़ित महिला ने बाद में आरोपी को एक कमरे में बंद कर दिया और 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी।

अमानतुल्लाह खान को 14 दिन की रिमांड में भेजा

नई दिल्ली, 26 सितंबर (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान की मुश्किलें अभी कम होती नहीं दिख रही हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में सोमवार को अमानतुल्लाह खान को 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है।

चौकी इंचार्ज पर बजरंग दल विद्यार्थी परिषद प्रमुख के साथ अभद्रता करने का आरोप, हंगामा

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की कच्ची सड़क पुलिस चौकी इंचार्ज ने कथित तौर पर बजरंग दल विद्यार्थी परिषद प्रमुख के साथ सोमवार को अभद्रता कर दी। अभद्रता होने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता वहां एकत्रित हो गए। उन्होंने चौकी इंचार्ज पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। इसके बाद कुछ भाजपा नेता और सिविल लाइन थाना प्रभारी संतोष त्यागी पहुंच गए। मामले को दोनों पक्षों को समझाते हुए मामला शांत कराया गया। बजरंग दल पदाधिकारी कच्ची सड़क से झगड़े में पकड़े गए एक आरोपी की सिफारिश में चौकी पर पहुंचे थे, जिस दौरान चौकी इंचार्ज और बजरंग दल पदाधिकारी के बीच नोकझोंक हो गई थी

सरिया चोरी करने वाले शातिरों को किया गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। तितावी पुलिस ने रात्रि में नेशनल हाइवे के निर्माणाधीन पुल धोलरा से हुई सरिया चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए चोरी किये गए सरिये के साथ तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात अज्ञात बदमाशों ने तितावी क्षेत्र में धौलरा स्थित निर्माणाधीन पुल से 5 वे 6 सूत का डेढ़ कुंतल सरिया चोरी कर लिया था। पुलिस ने भागदौड़ कर इस घटना को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों को चोरी किये गए समस्त सरिये के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए बदमाश फहीम पुत्र इरसाद व रिजवान उर्फ शोएब पुत्र मुकबिल उर्फ एहसान निवासीगण गांव जटवाड़ा, थाना ककरौली तथा सराफत पुत्र रियासत निवासी जसोई, थाना तितावी हैं। बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई अजीत शर्मा, कांस्टेबल नदीम, कांस्टेबल ललित कुमार शामिल रहे।

सड़क पर बेहोश पड़े मिले किशोर व युवक

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। अलग-अलग स्थानों पर एक किशोर सहित दो लोग बेहोशी की हालत में सड़क पर पड़े मिले, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शुक्रताल निवासी 15 वर्षीय मोहित उर्फ छोटा हाईवे स्थित होटल तंदूरी पर बेहोशी करना पड़ा मिला। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा एक 36 वर्षीय युवक जिला अस्पताल के गेट पर बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की पहचान नहीं हो सकी है।

उमेश मलिक पर हमले के 9 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर(बु.)। विगत् वर्ष 14 अगस्त 2021 को बुढ़ाना विधानसभा सीट से तत्कालीन भाजपा विधायक उमेश मलिक जन कल्याण समिति के स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सिसौली में रविंद्र बंजी के मकान पर गए थे। जन कल्याण समिति को सिसौली में भाकियू का प्रतिद्वंदी माना जाता है। उस समय किसान आंदोलन चल रहा था और दिल्ली के गाजीपुर बॉर्डर पर किसान तीन कृषि कानून के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। उस समय भारतीय किसान यूनियन समर्थकों ने वहां पहुंचकर जबरदस्त हंगामा किया था और तत्कालीन विधायक उमेश मलिक की गाड़ी पर काला तेल डालने के साथ ही पथराव व फायरिंग कर उन पर हमला करने का प्रयास किया था। इस घटना में ओमेंद्र रविंद्र बंजी उर्फ प्रदीप कुमार सहदेव बालियान के साथ ही विधायक की सुरक्षा में लगे पुलिस के हेड कांस्टेबल सुभाष त्यागी और सिपाही दीपक जयंत भी घायल हो गए थे। इस हमले के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान और भाजपा विधायक उमेश मलिक के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने भौराकलां थाने का घेराव कर लिया था। पुलिस ने ओमेंद्र की ओर से भाकियू समर्थक 9 लोगों के खिलाफ नामजद अभियोग पंजीकृत किया था, हालांकि उस समय विधानसभा चुनाव निकट होने और किसान आंदोलन को देखते हुए हमलावरों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट होने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। प्रदेश ने दोबारा भाजपा की सरकार बनने के बाद विधायक उमेश मलिक ने इस मामले की दबी फाइल को निकालकर विवेचना पूरी कर हमलावरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। शासन के आदेश पर इस मामले की विवेचना अपराध शाखा में स्थानांतरित कर दी गई थी। विवेचक निरीक्षक मोहन सिंह ने इस मामले में मौका मुआयना कर घटनास्थल का निरीक्षण किया और हमले में घायल पीड़ित लोगों से बयान लेने के बाद नामजद आरोपी गौतम पुत्र ओमपाल, संदीप उर्फ हजारी पुत्र ओमपाल, संजीव व मनोज पुत्रगण किदारा, रकम पाल पुत्र लहरी, अनंगपाल पुत्र जगमेर, शरणवीर पुत्र बारू, शौवीर पुत्र चरण सिंह एवं गौरव पुत्र अनंगपाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 147 148 149 452 307 323 324 332 353 427 में आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित कर दिया है।

भूस्खलन से चारधाम यात्रा पर ब्रेक

उत्तरकाशी, 26 सितंबर (वार्ता)। गंगोत्री हाईवे पर भटवाड़ी से आगे हेलगूगाड़ के समीप लगातार भूस्खलन के कारण गंगोत्री धाम की यात्रा तीसरे दिन भी बाधित रही। हेलगूगाड़ में पहाड़ी से पत्थरों के गिरने का सिलसिला पिछले तीन-चार दिनों से जारी है, जिस कारण मार्ग पर आवाजाही बंद है। इसके चलते जगह-जगह ठहरे हजारों यात्री सोमवार को भी गंगोत्री धाम के दर्शन नहीं कर पाए। भटवाड़ी से आगे हेलगूगाड़ में पहाड़ी से चट्टानी मलबा लगातार गिर रहा है। मलबा गिरने के कारण बीआरओ की मशीनरी हाईवे को आवाजाही के लिए नहीं खोल पा रही है। बारिश के येलो अलर्ट और हेलगूगाड़ में भूस्खलन की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने बीते शनिवार और रविवार को गंगोत्री धाम की यात्रा रोकने का निर्णय लिया था।

चोरी के माल सहित दबोचे दो चोर

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर(बु.)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बदमाशों ने दो दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। चोरी करने वाले बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। दुकानदार द्वारा सिविल लाइन थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने कुछ ही घंटों में चोरी के माल सहित दो चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि अज्ञात बदमाशों ने सिविल लाइन थाना क्षेत्र में प्रकाश चौक पर स्थित कम्प्यूटर सैंटर व सदर बाजार स्थित एक चश्मे की दुकान से नकदी, कम्प्यूटर आदि सामान चोरी कर लिया था। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे। दुकान मालिक ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपी थी, जिसके आधार पर पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए चोर वैभव मिश्रा पुत्र दयाशंकर मिश्रा हाल निवासी मौहल्ला कल्याणपुरी थाना नई मण्डी मूल निवासी ग्राम मदाफरपुर थाना कौहडोर, जिला प्रतापगढ़ व आकाश पुत्र मुकेश कश्यप निवासी कल्याणपुरी थाना नई मण्डी हैं। उनके कब्जे से चोरी की गई नकदी, एक मोटर साईकिल, एक बैटरा, एक वाई फाई, सफेद धातु की बनीं मां सरस्वती, गणेश जी व एक लक्ष्मी जी की मूर्तियां, कम्प्यूटर मशीन, कम्प्यूटर मॉनीटर आदि बरामद किये हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

जागरण में भजन गा रहे गायक की मौत

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। भौराकला थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर रायसिंह में जागरण के दौरान भजन गा रहा गायक अचानक जमीन पर जा गिरा और उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया।पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि भौराकला थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर रायसिंह निवासी रितिक उर्फजॉनी पुत्र नरेंद्र की जागरण पार्टी है। बीती रात वह गांव में ही जयवीर सिंह के घर में जागरण कर रहा था। रात करीब 1:00 बजे भजन गाते समय वह अचानक जमीन पर जा गिरा और उसकी मौत हो गई। घटना से जागरण में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया।

जेल में निरुद्ध सिद्धदोष कैदियों का वीडियो कान्फ्रेंस से साक्षात्कार

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। जनपद के सिद्धदोष कैदी, जोकि केन्द्रीय कारागार आगरा में सजा भुगत रहे हैं, का जिला मजिस्ट्रेट मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से साक्षात्कार लिया। शासन के निर्देशानुसार कारागार में निरुद्ध सिद्धदोष कैदियों की फार्म-ए (दयायाचिका) के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बंध में विचार किये जाने हेतु जनपद के सिद्धदोष बंदी, जो केन्द्रीय कारागार, आगरा में सजा भुगत रहे हैं, के संबंध में जिला मजिस्ट्रेट चंद्रभूषण सिंह की अध्यक्षता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से साक्षात्कार।

2013 दंगा मामले में भाजपा विधायक विक्रम सैनी विशेष अदालत में हुए पेश

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। खतौली विधानसभा सीट से भाजपा विधायक विक्रम सैनी वर्ष 2013 में हुए दंगे में भड़काऊ भाषण देने के आरोप में आज विशेष अदालत में पेश हुए, जहां धारा 313 के अन्तर्गत उनके बयान दर्ज हुए। इस मामले में अदालत ने दोनों पक्षों की बहस के लिये 10 अक्टूबर की तारीख नियत की है। गौरतलब है कि वर्ष 2013 में जानसठ क्षेत्र के गांव कवाल में हुई सचिन व गौरव की हत्या को लेकर हुई पंचायत में विक्रम सैनी पर भड़काऊ भाषण देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। यह मामला विशेष अदालत एमपी एमएलए कोर्ट में विचाराधीन है। आज विधायक विक्रम सैनी उक्त मामले में कोर्ट में पेश हुए, जहां उनके धारा 313 के तहत बयान दर्ज किये गए। अदालत ने इस मामले में दोनों पक्षों की बहस के लिये 10 अक्टूबर की तारीख नियत की है। विधायक विक्रम सैनी की ओर से अधिवक्ता भारतवीर अहलावत ने पैरवी की।

शार्ट सर्किट से लाखों की संपत्ति हुई स्वाह

बुढ़ाना, 26 सितम्बर(बु.)। एक मकान में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिसमें लाखों रुपए की संपत्ति जलकर स्वाह हो गई। इस दौरान पटवारी ने घटना का मौके पर आकर निरीक्षण भी किया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला पश्चिमी पछाला निवासी एक विधवा महिला रुबल चौधरी सोमवार के दिन अपने घर का ताला लगाकर स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए गई हुई थी। उसके बच्चे भी स्कूल गये हुए थे। तब उसकी गैर मौजूदगी में दोपहर के समय अचानक शार्ट सर्किट होने के कारण मकान में आग लग गई, जिसमें रेफ्रिजरेटर, बेड, टीवी, तीन पंखे, कपड़े, बेड सीट, रजाई, गद्दे, पहनने के कपड़े, कानों के टोप्स, गले का हार, बिजली की फीटिंग व अन्य सामान जलकर राख हो गया। इसी दौरान मकान में धुआं उठने पर इसकी सूचना पड़ोसियों ने रुबल चौधरी को फोन पर दी। जब तक पड़ोसी आग बुझाते तब तक दो लाख रुपए की संपत्ति आग में जलकर स्वाहा हो गई थी। पीड़िता रुबल चौधरी ने घटना की सूचना तहसीलकर्मियों को दी, तो मौके पर आए एक पटवारी ने उक्त घटना का निरीक्षण कर खाक हुई संपत्ति का ब्यौरा दिया। पीड़िता बहुत ही गरीब बताई गई है। मौहल्लेवासियों ने बुढ़ाना तहसीलदार से पीड़िता को मुआवजा देने की मांग की है।

करंट की चपेट में आया होटलकर्मी, हालत नाजुक

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र में चंद्रा टॉकीज के पास स्थित एक होटल में काम कर रहा कर्मचारी विद्युत करंट की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां से नाजुक हालत के चलते उसे रैफर कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सरवट निवासी आतिफ पुत्र वसीम शहर कोतवाली क्षेत्र में चंद्रा टॉकीज के निकट स्थित नाज होटल में काम करता है। आज होटल में काम करते समय वह किसी प्रकार विद्युत करंट की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां से नाजुक हालत के चलते उसे रैफर कर दिया गया।

जगबीर सिंह हत्याकांड में भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत कोर्ट में हुए पेश

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। भारतीय किसान मोर्चे के अध्यक्ष चौधरी जगबीर सिंह हत्या कांड की आज सुनवाई के चलते तत्कालीन आईओ हरिमोहन प्रकाश गौतम के अदालत में बयान दर्ज हुए। अभियोजन की ओर से एडीजीसी जोगेन्दर गोयल व बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल जिंदल ने कई घंटे जिरह की एडीजे 6 अशोक कुमार ने अगली सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तारीख नियत कर दी। आरोपी भाकियू के अध्यक्ष नरेश टिकैत कोर्ट में पेश हुए। अभियोजन के अनुसार गत 6 सितंबर 2003 को थाना भोराकलां के ग्राम अलावलपुर में चौधरी जगबीर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। घटना के संबंध में मृतक के बेटे पूर्व मंत्री योगराज सिंह ने पुलिस में मामला दर्ज कराया था, जिसमें राजीव, प्रवीण व नरेश टिकैत को नामजद किया गया था। सुनवाई के दौरान राजीव व प्रवीण की मौत हो चुकी है।

50 खोके एकदम ओके के नारों के साथ शिंदे गुट के विधायक पर शिवसैनिकों का हमला

अमरावती, 26 सितंबर (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग के बाद शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई अब सड़कों पर आ पहुंची है। हिंगोली से विधायक संतोष बांगर पर रविवार को अमरावती के अंजनगांव सुरजी में कथित तौर पर उद्धव ठाकरे के वफादारों ने हमला कर दिया। संतोष बांगर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट से हैं। अमरावती पुलिस ने सोमवार को बांगर की कार पर हमला करने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। संतोष बांगर को उस समय शिवसैनिकों के क्रोध का सामना करना पड़ा जब वह रविवार को अंजनगांव सुरजी स्थित देवनाथ देवस्थान मठ से अपनी पत्नी और बहन के साथ बाहर आ रहे थे। नाराज शिवसैनिकों ने कथित तौर पर उनके वाहन को रोकने की कोशिश की और 50 खोके एकदम ओके के नारे लगाते हुए उनके काफिले पर हमला कर दिया।

वृद्धा ने बेटे बहू पर लगाया सम्पत्ति पर कब्जे के प्रयास का आरोप

➲दिल्ली में पैदा हुए बेटे का मुजफ्फरनगर में दिखाया जन्म

➲पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। एक वृद्धा ने पुत्र व पुत्रवधू पर उसकी चल-अचल सम्पत्ति पर कब्जे का प्रयास करने और झूठे प्रमाणपत्र बनवाने का आरोप लगाते हुए सिविल लाइन थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट अदालत के आदेश पर दर्ज हुई है। अदालत के आदेश पर नई मंडी थाने पर दर्ज हुई रिपोर्ट में उत्तरी सिविल लाइन निवासी 86 वर्षीय वृद्धा ने बताया कि उसके दो पुत्र हैं, जो बाहर रहते हैं। उसने बताया कि उसका बड़ा पुत्र अपनी शादी के बाद से ही अपनी पत्नी के साथ गाजियाबाद में रहता है। पीड़िता का कहना है कि उसकी पुत्रवधू ने 21 जुलाई 1998 को दिल्ली में एक पुत्र को जन्म दिया था। आरोप है कि चल अचल सम्पत्ति पर कब्जा करने की नीयत से उसके पुत्र व पुत्रवधू ने अपने पुत्र का जन्म उत्तरी सिविल लाइन स्थित मकान में हुआ दिखाकर नगरपालिका से फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनवा लिया है, जबकि उनके पुत्र का एक जन्म प्रमाणपत्र दिल्ली से भी बना हुआ है। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से भी की थी, लेकिन पुलिस द्वारा सुनवाई न करने पर पीड़िता ने अदालत से गुहार लगाई। अदालत के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नाबालिग किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

भोपा , 26 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के एक गांव में संप्रदाय विशेष की किशोरी को दूसरे संप्रदाय का युवक बहला फुसलाकर उसका अपहरण कर ले गया था । भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि गत् 14 सितंबर को वह और उसकी पत्नी बाजार में सामान खरीदने के लिए गए हुए थे तथा घर पर उसकी 16 वर्षीय बहन अकेली थी। आरोप है कि गांव का दूसरे संप्रदाय का युवक शिवम उनके घर आया और उसकी बहन को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया घटना दो संप्रदाय से जुड़ी होने के चलते गांव में तनाव की आशंका व्याप्त हो गयी थी। पुलिस आरोपी शिवम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुटी हुई थी सोमवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

नाले की पुलिया पर जहर खाई हालत में पड़ी मिली महिला

➲किशोरी सहित दो ने खाया जहर, हालत गंभीर

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। एक महिला जहर खाई हुई हालत में रामलीला टीला स्थित नाले की पुलिया पर पड़ी मिली। इसके अलावा एक किशोरी सहित दो लोगों ने अलग-अलग मामलों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। पीड़ितों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि मौहल्ला खालापार निवासी 40 वर्षीया मुन्नी संदिग्ध हालत में रामलीला टीला से पहले स्थित नाले की पुलिया पर पड़ी मिली। कुछ लोगों द्वारा उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे रैफर कर दिया गया। इसके अलावा प्रेमपुरी निवासी 15 वर्षीय किशोरी ने हार्पिक पी लिया, जबकि खालापार निवासी असद इलाही ने संदिग्ध हालातों में जहर खा लिया। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सहारनपुर के पास ट्रैक बाधिक होने के बाद स्टेशन पर खड़ी सुपर फास्ट

चैकिंग अभियान चलाया

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। नवरात्र को लेकर जनपद पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर अपने अपने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर जनपद पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए अपने-अपने थाना क्षेत्रों के बैंक, ग्राहक सेवा केंद्र व एटीएम, पैट्रोल पम्पों, मुख्य मार्गों, सर्राफा मार्केट, भीड़-भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग की गयी तथा बैंक, ग्राहक सेवा केंद्र व एटीएम के आस-पास मौजूद लोगों से पूछताछ की गयी। चेकिंग के दौरान समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही एवं कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत स्थान बदल बदलकर विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की सघन चैकिंग की गयी।

हत्यारोपी शाहनवाज प्लास्टिक को आजीवन कारावास की सजा

मुजफ्फरनगर, 26 सितम्बर (बु.)। वर्ष 2007 में सिविल लाइन क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में आरोपी शाहनावाज उर्फ प्लास्टिक को अदालत ने आजीवन कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। 28 दिसम्बर 2007 को सिविल लाइन थाने पर शाहनवाज उर्फ प्लास्टिक पुत्र शरीफ निवासी मौहल्ला महमूदनगर के विरुद्ध बसीर व अतीक की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुये 1 जनवरी 2008 को शहनवाज उर्फप्लास्टिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 16 मार्च 2008 को उसके विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था।